मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर जी"
के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555

# आक्रोशित शिक्षकों ने फूंका केंद्रीय राज्य मंत्री का पुतला

**ब्लॉकों से टेट वापस लो, शिक्षक एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए निकले**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** संसद में केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री जयंत चौधरी द्वारा टेट प्रकरण पर दिए गए बयान से आक्रोशित शिक्षकों ने गुरुवार को बीएसए परिसर के सामने पुतला दहन किया। जिले के विभिन्न ब्लॉकों से अपराह्न 3 बजे के बाद निकले शिक्षक टेट वापस लो, शिक्षक एकता जिंदाबाद का नारा लगाते हुए बीएसए कार्यालय परिसर में इकट्ठा हुए।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय ऑडिटर एवं जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने 2011 के पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त किए जाने की मांग दोहराइ। कहा कि आज आंदोलन का आगाज है जिसे अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। जिला मंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि शिक्षकों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। इसके समाधान के लिए सरकारें उदासीन है। इससे 20 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। सरकार को इस समस्या से निजात पाने का उपाय ढूंढना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि पुतला दहन कार्यक्रम में अजय सिंह, मोहम्मद आरिफ, अविनाश पांडे, अनुज सिंह, सत्येंद्र गुप्त, संतोष यादव, मुकेश प्रताप सिंह समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। सभी ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया।


बेसिक शिक्षा कार्यालय के समक्ष केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी का पुतला दहन करते शिक्षक।


यूनाइटेड टीचर्स अलायंस की बैठक में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

## केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का बयान दुर्भाग्यपूर्ण : बलबीर

**अयोध्या, अमृत विचार :** केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी के संसद में दिए गए बयान पर यूनाइटेड टीचर्स अलायंस (यूटा) ने शहर कार्यालय पर बैठक आयोजित कर गहरा रोष जताया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए यूटा अयोध्या मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह ने बयान को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने सुधार के नाम पर असमानता थोपने को अविश्वास पैदा करने वाला कदम माना। जिलामंत्री रवीन्द्र प्रताप सिंह, जिला संगठन मंत्री अनित कुमार दास व कोषाध्यक्ष गोविन्द कुमार वर्मा ने संविधान के अनुच्छेद 14 का हवाला देते हुए कहा कि समानता का सिद्धांत चयनात्मक कठोरता की इजाजत नहीं देता।


कचहरी के सामने रामपथ पर जाम लगाकर धरना प्रदर्शन करते भाकियू नेता व कार्यकर्ता।

## ट्रेड डील के विरोध में किसानों का प्रदर्शन, नारेबाजी, सड़क जाम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में किसान गुरुवार को सड़क पर उतर आए। प्रदर्शन और नारेबाजी कर पुतला फूंका। राम पथ जाम कर ट्रेड डील को रद्द करने की मांग उठाई। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा। संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन के आह्वान पर भाकियू ने अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के खिलाफ गांधी पार्क में पंचायत की। प्रदर्शन और नारेबाजी करते कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर पहुंचे। यहां ज्ञापन लेने वाला कोई अधिकारी मौजूद नही था। यूनियन के कार्यकर्ताओं ने रामपथ जाम कर दिया। इसके बाद एडीएम भूमि अध्याप्ति, सीओ सिटी, प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट, नायब तहसीलदार ज्ञापन लेने पहुंचे। किसानों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंप आंदोलन समाप्त किया। इसके पूर्व पंचायत में यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने भारत सरकार यहां किसानों को मजदूर बनाकर पूंजी पतियों को सस्ता मजदूर उपलब्ध कराना चाहती है। कृषि भूमि भी पूंजीपतियों को सस्ते में देना चाहती है, लेकिन ऐसा नहीं करने दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने कार्यकर्ताओं को बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहने के लिए कहा। प्रदर्शन में प्रदेश संगठन मंत्री अभय राज ब्रह्मचारी, मध्यांचल सचिव सूर्यनाथ वर्मा, फरीद अहमद, भागीरथी वर्मा, डॉ. आरएस सरोज, डॉ. आसमा, निशा, उर्मिला निषाद, संगीता देवी, जमुना देवी, सरोज वर्मा सहित अन्य थे।

# सवा दो लाख के सत्यापन में 14 हजार डुप्लीकेट मतदाता डिलीट

अयोध्या कार्यालय।

- 20 फरवरी तक ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में चिंहित पौने चार लाख का किया जाना है सत्यापन

**अमृत विचार:** राज्य निर्वाचन आयोग ग्राम पंचायत की मतदाता सूची से संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन कराया जा रहा है। अब तक सत्यापन के बाद जिले में लगभग 14 हजार नाम डुप्लीकेट पाए गए। इनको डिलीट कर दिया गया। अभी 20 फरवरी तक लगभग पौने चार लाख संभावित मतदाताओं का सत्यापन किया जाना शेष है।

राज्य निर्वाचन आयोग ने दूसरी बार ग्राम पंचायत की मतदाता सूची से डुप्लीकेट मतदाता के सत्यापन का निर्देश दिया। आयोग ने कुल लगभग 5.94 हजार संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची ब्लॉक वार भेजी। नए सिरे से फिर बीएलओ को संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन का टास्क सौंपा गया।अब इसमें केवल आठ दिन शेष हैं। 20 फरवरी सत्यापन के लिए अंतिम तिथि तय की गई है। लेकिन सत्यापन की गति धीमी हो गई।

विभिन्न ब्लॉकों के नोडल अधिकारियों खंड विकास अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अब तक जिले में लगभग 2.06 लाख मतदाताओं का सत्यापन पूरा कर लिया गया है। इनमें कुल लगभग सवा 14 हजार इंट्री डुप्लीकेट पाई गई। इन्हें सूची से डिलीट कर दिया गया। जिले में अब आठ दिन में लगभग पौने चार लाख मतदाताओं के सत्यापन का काम अवशेष हैं,लेकिन सत्यापन के प्रति दिन के औसत से लगता नहीं कि सत्यापन का काम समय पर पूरा हो जाएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यभान ने बताया कि संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन का काम चल रहा है। 20 फरवरी इसकी अंतिम तिथि है।

## सीमेंट की पाइप में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत रामघाट इलाके पर स्थित कांशीराम कॉलोनी के सामने स्थित नगर निगम के एसटीपी सेंटर के बगल पड़ी सीमेंट की पाइप में गुरुवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। स्थानीय लोगों ने बताया उक्त व्यक्ति काफी दिनों से कॉलोनी के आसपास दिख रहा था। वह अकसर नशे में रहता था। वह कौन था, कहां से आया था, किसी को जानकारी नहीं है। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र 30 वर्ष के आसपास लग रही है। उसके शरीर पर भगवा रंग की टी शर्ट है। शरीर पर कही भी चोट आदि के निशान नहीं हैं। नाक से खून निकला है। संभावना है कि ब्रेन हेमरैज के चलते मौत हुई है। अभी शव को मॉर्चरी में रखवाया गया है। पहचान होने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा, रिपोर्ट मिलने पर ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे। शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## कुएं में गिरने से किशोरी की मौत

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार।** थाना मवई के ग्राम कोंडरा में बुधवार को किशोरी की कुएं में गिरने से मौत हो गई। थाना प्रभारी मवई सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि ग्राम कोंडरा के मुकेश यादव की करीब 12 वर्षीय पुत्री आकृति उर्फ सानिया बुधवार करीब साढ़े चार बजे जानवर के लिए चारा लेने साइकिल से खेत गई हुई थी। वापस लौटते समय साइकिल अनियंत्रित होकर एक कुएं में गिर गई। जब किशोरी काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो घर वालों ने उसे खोजना शुरू किया। कुएं में किशोरी का शव मिला। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत हो गई। आरपीएफ प्रभारी रुदौली जितेंद्र यादव ने बताया कि गौहन्ना गांव थाना रुदौली निवासी राम तेज (35) पुत्र मिश्री लाल का घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। नाराज होकर सुबह लखनऊ की ओर जा रही वंदे भरत ट्रेन के ट्रैक के बीच में बैठ गया था। ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### मंडलायुक्त ने दिये कार्रवाई के निर्देश

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** मंडलायुक्त राजेश कुमार तहसील से निकलते ही उनके वाहन के पास बैठी वृद्ध महिला के पास गए। तहसील के ग्राम बनगावा की 70 वर्ष महिला रंपता ने बताया कि वह महीनों से तहसील आ रही है। पति की मौत हो गई है। पट्टा की जमीन पर कब्जा नहीं हो पा रहा है। मंडलायुक्त ने पेपर डीएम को दिए। एसडीएम को महिला के प्रकरण को देखने और कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए।

### दो पीड़ितों को वापस कराया 1.60 लाख

**अयोध्या, अमृत विचार :** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने दो अन्य मामलों में पीड़ितों के खाते में 1.60 लाख रुपये वापस कराने में सफलता पाई है। पहले मामले में मनोज खत्री निवासी टकसाल कोतवाली नगर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 26 दिसंबर 2025 से 3 जनवरी 2026 के बीच उनके खाते से 11.21 लाख रुपये निकल गए थे। साइबर थाना पुलिस ने उन्हें 1.50 लाख रुपये वापस दिलाने में सफलता पाई। वहीं, दूसरे मामले में पुष्पा कुमारी निवासी सहादतगंज ने शिकायत की थी कि ऑनलाइन गेम के चक्कर में फंसकर उन्होंने 15 से 25 जून 2025 के मध्य विभिन्न खातों में करीब 3.77 रुपये ट्रांसफर किए थे। बाद में उन्हें ठगी होने का एहसास हुआ। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने उन्हें 10 हजार रुपये वापस कराया है। थाना प्रभारी मो अरशद ने बताया कि दोनों मामलों में केस दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### मंदबुद्धि महिला से किया दुष्कर्म

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र में एक अधेड़ मंदबुद्धि महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विजय कुमार के विरुद्ध दुष्कर्म और मारपीट करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### टीबी मरीजों की जांच के लिए घर पहुंचेगी एक्स-रे मशीन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के दूर-दराज से आने वाले मरीजों को अब उनके गांव में ही एक्स-रे की सुविधा के लिए दो हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन राज्य स्तर से प्राप्त हो गई है। इनका रोस्टर बनाकर जल्द कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिला टीबी अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने बताया कि गुरुवार को राजकीय टीबी क्लीनिक में जिले के विभिन्न ब्लॉकों के एक्स-रे टेक्नीशियन का प्रशिक्षण कराया गया। उन्होंने बताया कि टीबी के लक्षण- जिन्हें दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी हो, बुखार हो, बलगम, बलगम में खून, सीने में दर्द, रात में पसीना आना, भूख कम लगना, वजन कम होना, सांस लेने में तकलीफ या शरीर में गिल्टी आदि के लक्षण हों तो टीबी हो सकती है। ऐसे मरीज नजदीकी बलगम जांच केंद्र पर अपने बलगम की निशुल्क जांच तथा एक्स-रे कराएं तथा रोग की पुष्टि होने पर निर्धारित अवधि तक निशुल्क दवाएं खाएं।

## सुविधा : डाक विभाग का आधार शिविर शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार:** आम जन की सुविधा के लिए डाक विभाग ने गुरुवार से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आधार से सम्बन्धित संसोधन व नए आधार कार्ड के लिए शिविर लगाना शुरू किया है। इसकी शुरुआत करते हुए प्रवर डाक अधीक्षक हरे कृष्ण यादव ने बताया कि गांव-गांव डाकघर द्वारा आधार की शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत गुरुवार को अरथर से हुई और 14 फरवरी तक आधार शिविर आयोजित होगा। इसके बाद कुंदुरखा खुर्द में 16 से 18 फरवरी, इब्राहिमपुर कंदई में 19 से 21 फरवरी, पिनावा में 23 से 24 फरवरी, देवई में 25 से 26 फरवरी, रामपुर ग्रांट में 27 से 28 फरवरी, लखोरी में नौ से 10 मार्च, दक्षिण पारा में 11 से 12 मार्च, कोटडीह सरैया में 13 से 14 मार्च, कुरावन में 16 से 18 मार्च, खिहारन 19 से 20 मार्च, सनाहा में 23 से 25 मार्च और कोटसराय में 27 से 28 मार्च तक आधार शिविर आयोजित किया जाएगा।

# स्वच्छता को जन-जन की मुहिम बनाने की जरूरत : महापौर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने स्वच्छता को जन-जन की मुहिम बनाने की आवश्यकता जताई है। वह स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की दृष्टिगत स्वच्छ भारत मिशन नगरी के तत्वावधान में कल्याण मंडप मंगलम में गुरुवार को आयोजित मंडलीय कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। अंत में सभी निकायों ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक पर नियंत्रण तथा सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। जब हर व्यक्ति स्वच्छता के लिए गंभीर होगा तो हर हाल में नगर की रैंकिंग ऊपर आएगी। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि पान अथवा तंबाकू की पीच स्वच्छता पर धब्बा है। उन्होंने अधिकारियों को अपने कार्यालय से स्वच्छता की मुहिम शुरू करने का सुझाव दिया। जीवीपी (गार्बेज वल्नरेबल प्वॉइंट) मुक्त शहर बनाने, कचरा प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने तथा कम्पोस्टिंग एवं रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। निदेशालय की टीम सहायक निदेशक स्थानीय नगरीय निकाय लखनऊ एवं आईसी एक्सपर्ट डॉ. सीमा सिंह, मुख्य प्रशिक्षक जिओ स्टेट नवनीत कुमार शामिल रहे। अपर आयुक्त भारत भार्गव के नेतृत्व में मंडल की पांच जिलों के कुल 38 अधिशासी अधिकारी, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक वैभव पांडेय, पांच जनपदों के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सम्मिलित रहे। व्यवस्था में नगर निगम के अवर अभियंता जलकल जयकुमार एवं मुख्य सफाई निरीक्षक राजेश झा का सहयोग रहा। कार्यशाला का संचालन सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडेय ने किया।


मंडलीय कार्यशाला के समापन अवसर पर मौजूद महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार व अन्य। अमृत विचार

- मंडलीय कार्यशाला संपन्न, स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग लाने का लिया संकल्प

### खाने के लिए बगास का कप-प्लेट व चम्मच का इस्तेमाल

कार्यशाला में अधिकारियों ने अपने-अपने नगरों की वर्तमान स्थिति प्रस्तुत की और चुनौतियों पर चर्चा की। महापौर एवं नगर आयुक्त ने परिसर में पौधरोपण भी किया। यह एक जीरो वेस्ट प्लास्टिक मुक्त इवेंट था, जिसमें प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया गया। खाने के लिए बगास का कप-प्लेट व चम्मच का इस्तेमाल किया गया। इस जीरो वेस्ट प्लास्टिक फ्री इवेंट के प्रमाणन के लिए अवध विश्वविद्यालय से पर्यावरण विभाग के प्रोफेसर संजीव श्रीवास्तव अपनी प्रशिक्षु टीम के साथ उपस्थित रहे।

# पीएसी में तैनात नाई पर हमला

अयोध्या कार्यालय।

- मणि पर्वत पर लगा है पीएसी 32वीं वाहिनी का शिविर, तीन नामजद व अज्ञात पर केस

**अमृत विचार :** पीएसी 32वीं वाहिनी लखनऊ में तैनात नाई के ऊपर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया। कोतवाली अयोध्या पुलिस ने तीन नामजद व दो अज्ञात पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

रौला, सहजौरा, सहजपुरा जनपद रायबरेली निवासी पीड़ित श्यामू वर्मा पीएसी 32वीं वाहिनी पीएसी बी दल लखनऊ में नाई के पद पर अस्थायी रूप से तैनात है। वर्तमान पीएसी की इस वाहिनी का शिविर मणि पर्वत अयोध्या में व्यवस्थापित है। पीड़ित ने बताया कि 10 फरवरी रात आठ बजे वह जा रहा था। इस दौरान शिविर से कुछ दूरी पर स्थित सड़क पर मौजूद अक्षय, अभिषेक यादव निवासीगण हलकारक का पुरवा कोतवाली अयोध्या व नितेश यादव निवासी गंगा राम का पुरवा कोतवाली अयोध्या समेत दो अज्ञात व्यक्ति ने उनके ऊपर जान से मारने की नियत से लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर दिया। जिससे उसको गंभीर चोटें आईं। शोर मचाने पर पीएसी के जवान मौके पर आए तब सभी आरोपी गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उसके बाद मुझे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बताया कि यह सभी लोग अक्सर मणि पर्वत पर आते जाते रहते हैं। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि तीन नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# एक मौका प्रार्थना पत्र व वर्षों तक दाखिल खारिज नहीं, पेशकार निलंबित

रुदौली, अयोध्या।

- कमिश्नर के निरीक्षण में मिलीं वर्षों से लंबित पत्रावलियां
- तहसील और ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त राजेश कुमार ने गुरुवार को डीएम निखिल टीकाराम फुंडे के साथ तहसील और ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण किया। तहसीलदार न्यायिक के न्यायालय के निरीक्षण के दौरान दाखिल खारिज के मुकदमों में एक मौका प्रार्थना पत्र पर वर्षो से नामांतरण आदेश नहीं मिला। पेशकार से जानकारी मांगी। उसने कई सतही कारण गिनाए। डीएम नाराज हुए, पेशकार को निलंबित कर दिया।

मंडलायुक्त को निरीक्षण में आयुक्त को भूलेख व न्यायिक अनुभाग में वर्षों से लंबित पत्रावलियां मिलीं। दाखिल-खारिज के मामलों में आपत्ति के बाद भी कार्रवाई लंबित पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। सेवा पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां वर्तमान तक न होने और कुछ न्यायिक मामलों के अनावश्यक रूप से लंबित रहने पर संबंधित कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी। निर्देश दिया कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए, अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखा जाए।

शिकायतों की समीक्षा की। कहा कि निस्तारण केवल कागजी न होकर स्थलीय जांच के आधार पर हो। एक पन्ने की साधारण शिकायत पर वर्षों से मुकदमा लंबित पाए जाने पर उन्होंने पेशकार से जवाब-तलब किया। पीठासीन अधिकारियों को एक सप्ताह की समय सीमा तय कर आदेश पारित करने का निर्देश दिया। ब्लॉक रुदौली में मनरेगा, स्वयं सहायता समूहों और ग्राम विकास योजनाओं की समीक्षा में कार्यप्रणाली संतोषजनक पाई गई। ब्लॉक में स्थापित एचडी उत्पादन प्रसंस्करण की सराहना की। उत्पादों की बिक्री व्यावसायिक रूप से किए जाने का निर्देश दिया। कहा कि तहसील में मिली खामियों को निर्धारित समय सीमा में दूर किया जाए, जबकि ब्लॉक की अच्छी पहलों को और विस्तार दिया जाए। इसके बाद अयोध्या कलेक्ट्रेट परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। विभिन्न शाखाओं के भ्रमण में कार्यालयों की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, अभिलेखों के संधारण और जनसुनवाई कक्ष की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया।साथ में अपर आयुक्त अजयकांत सैनी, एडीएम सिटी, सीडीओ केके सिंह, एसडीएम संतोष कुमार, सीओ आशीष निगम मौजूद रहे।


निरीक्षण के दौरान मौजूद मंडलायुक्त राजेश कुमार व अन्य। अमृत विचार

**आस्था** | बारात के स्वागत के लिए नागेश्वर नाथ मंदिर में पहुंचा आमंत्रण पत्र, तेल पूजा, हल्दी और मेहंदी रस्म की परंपरा 14 को

# रीति रिवाज के साथ शुरू हुई शिव बारात की तैयारी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** रामनगरी में महाशिवरात्रि पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह उत्सव हिंदू रीति रिवाज के तहत प्रारंभ हो गया है। माता पार्वती जी के पक्ष की ओर से प्राचीन क्षीरेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट के द्वारा बारात का आमंत्रण पत्र वर पक्ष नागेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट को सौंपा गया हैं। उसके बाद 14 फरवरी को तेल पूजा, हल्दी और मेहंदी रस्म की परंपरा निभाई जाएगी, 15 फरवरी को हाथी-घोड़ा और गाजे-बाजे के साथ शिव बारात निकाली जाएगी। जो रामपथ से होते हुए प्राचीन क्षीरेश्वर नाथ मंदिर तक जाएगी। भव्य स्वागत के बाद यह बारात देर शाम नागेश्वर नाथ मंदिर पर पहुंचेगी और रात्रि में वैदिक आचार्य के द्वारा विवाह उत्सव को संपन्न कराया जाएगा।


नागेश्वर नाथ मंदिर के मैनेजर को शिव बरात का आमंत्रण पत्र सौंपते समिति के पदाधिकारी।

अयोध्या में महादेव मंदिरों नागेश्वर नाथ मंदिर, क्षीरेश्वर नाथ, कूबेश्वर नाथ सहित अन्य शिवालाओं को भी सजाया जा रहा है। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर दर्शनार्थियों को भी दर्शन प्राप्त हों इसके लिए मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन के साथ संबंध में कर यात्रियों के आवागमन की मार्ग को भी बनाया जा रहा है।

नागेश्वर नाथ मंदिर के मैनेजर सभापति तिवारी ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर तैयारी हो गई है। सुंदर अलौकिक रूप में भगवान को दूल्हा बनाकर यह बारात राम की पैड़ी से होते हुए नया घाट, छोटी देवकाली, श्रृंगारघाट के रास्ते जन्मभूमि परिसर के निकट स्थित छीरेश्वर नाथ मंदिर तक जाएगी। उसके बाद यात्रा वापस रामपथ के रास्ते सब्जी मंडी चौराहे से अशर्फी भवन गोलाघाट, तुलसी उद्यान होते हुए देर रात वापस मंदिर पहुंचेगी। जहां भगवान का प्रतीकात्मक विवाह किया जाएगा। बताया कि तेल पूजन की परंपरा में मंदिर परिसर में सरसों के तेल का दीपक जलाया जाएगा। शाम को भगवान के श्रृंगार के दौरान उन्हें हल्दी का लेप भी लगाया जाएगा।

क्षीरेश्वर नाथ महादेव मंदिर के पुजारी प्रेम प्रकाश मिश्रा ने कहा कि पुरातन परम्परागत रूप से 15 फरवरी को महाशिवरात्रि हेतु बाबा क्षीरेश्वर नाथ मंदिर की तरफ से स्नेह विवाह निमंत्रण का आग्रह पूर्वक आमंत्रण बाबा नागेश्वर नाथ मंदिर को सौंपा गया और आग्रह किया गया कि महाशिवरात्रि को बाबा की बारात प्रेमपूर्वक लेकर परम्परागत रूप से हम सबके आराध्य बाबा क्षीरेश्वर नाथ महादेव मंदिर विवाह हेतु सादर पधारें। जिसे उन्होंने स्वीकार किया है। इस दौरान अश्वनी गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अयोध्या एयरपोर्ट पर अब एटीएम की भी सुविधा


एयरपोर्ट पर एटीएम का उद्घाटन करते डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह।

**अयोध्या, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर धीरे-धीरे यात्रियों की सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को टर्मिनल भवन के बाहर आगमन के पास एटीएम स्थापित कर दिया गया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम का उद्घाटन एयरपोर्ट निदेशक धीरेंद्र सिंह ने किया। अब आगमन करने वाले यात्रियों व आमजन को भी आसानी से नकद निकासी की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। यूनियन बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण श्रीवास्तव, सीआईएससफ के सीएएसओ रविन्द्र सिंह, एटीसी इंचार्ज अवधेश कुमार सिंह, सीएनएस इंचार्ज अनिल शुक्ला, टर्मिनल प्रभारी जयंतो नियोगी सहित यूनियन बैंक एवं एयरपोर्ट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आदर्श तालाब में मानक के विपरीत मिट्टी की खुदाई

## ग्रामीणों के विरोध के बाद रुका काम, राजस्व की संयुक्त टीम करेगी सीमांकन ■ मिट्टी खोदने का मानक 2.5 मीटर

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत सराय चैमल के राजस्व गांव लक्ष्मीदासपुर, रामपुर सरधा व नरायनपुर में आदर्श तालाब पर लगे छायादार हरे वृक्षों को काटकर मानक के विपरीत मिट्टी खुदाई की गई। गलत सीमांकन के चलते खतौनी धारकों की जमीन को गड्ढे में तब्दील कर दिया। ग्रामीणों के आक्रोश को बढ़ते देखकर खुदाई का काम बंद कर दिया।


आदर्श तालाब लक्ष्मी दासपुर में मानक के विपरीत खोदी गई मिट्टी।

### केस-1 15 साल पुराने छायादार हरे पेड़ काट दिये

राजस्व गांव लक्ष्मीदासपुर में स्थित आदर्श तालाब के चारों तरफ लगे पीपल, सागौन, अर्जुन सहित कई प्रकार के 15 साल पुराने दर्जनों छायादार हरे पेड़ काट दिये। तालाब के दो तरफ के बंधे को तोड़कर मानक के विपरीत खुदाई करके मिट्टी रिंग रोड़ के लिए उठा ले गए। यही नहीं तालाब के पास स्थित काली चौरा स्थान के किनारे तक की मिट्टी खोद लिया गया। ग्रामीण चंद्रिका प्रसाद राय, जयप्रकाश राय, राकेश राय, वीरेंद्र, संगम, आकाश राय आदि का आरोप है कि ग्राम प्रधान ने आदर्श तालाब परिता लगे पेड़ों को कटवाकर बेंच दिया। जबकि तालाब में विवाह के बाद महिलाओं द्वारा मौरी सेरवा जाता है। प्रधान को बार-बार फोन करने के बाद भी मौके पर नहीं आए और अब फोन उठाना बंद कर दिए हैं। शांतिपुर के खतौनी धारक कौशलेंद्र प्रताप सिंह, बृजेंद्र सिंह, रतीभान सिंह, अरविंद सिंह, मनोज सिंह समेत कई किसानों का आरोप है कि कानूनगो व लेखपाल लक्ष्मीदासपुर ने गलत सीमांकन कर दिया था। जिससे हम लोग के खतौनी की जमीन से मिट्टी की खुदाई कर ली गई। शांतिपुर की लेखपाल पूजा वर्मा ने सीमांकन करके बताया तो पता चला कि हम लोगों की खतौनी में मिट्टी खोदकर उठा ले गये। जब इस संबंध में प्रधान सुनील मौर्या से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि प्रधान संघ की बैठक में मौजूद हूं बैठक संपन्न होने के बाद देखेंगे।

### केस-2 गड्ढों में तब्दील हो गई सड़क


अमृत सरोवर रामपुर सरधा में मानक के विपरीत खोदी गई मिट्टी।

ग्राम पंचायत रामपुर सरधा निवासी निशांत सिंह मनोज सिंह, आकाश सिंह मनोज प्रभाकर आदि का आरोप है कि रामपुर सरधा के मजरे ढ़ोडे का पुरवा में मिट्टी की खुदाई चार मीटर की गई है। डंपर द्वारा मिट्टी की ढुलाई से कई जगह सड़क टूटकर गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिस पर अब चलना मुश्किल हो गया है।

### केस-3 साढ़े तीन मीटर खोदी मिट्टी


नरायनपुर अमृत सरोवर में मानक के विपरीत की जा रही है मिट्टी की खुदाई व मिट्टी की ढुलाई से टूटी सड़क।

नरायनपुर की हालत और खराब है। गांव निवासी मोहम्मद शाहिद, रामवती, केशवराम, गंगाराम, मोहम्मद रफी, झींगुरी आदि ने बताया कि गांव के पश्चिमी सिरे पर स्थित अमृत सरोवर (सुखवा का तालाब) में मानक के विपरीत करीब साढ़े तीन मीटर मिट्टी खोदी जा रही है। आम, जामुन, महुआ, सागौन, पाकड का पुराना पेड़ काट कर बेच लिया, मिट्टी के ढुलाई के चलते सड़क टूट कर बदहाल हो गई लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। प्रधान राजेश कोरी ने बताया कि मिट्टी खोदने का मानक ढाई मीटर है लेकिन ज्यादा खोद रहे हैं, मना किया गया लेकिन माने नहीं। इस बाबत कानूनगो अयोध्या देवी प्रसाद मिश्रा ने बताया कि राजस्व गांव लक्ष्मीदासपुर के लेखपाल रमेश सिंह ने मेरी मौजूदगी में सीमांकन किया था जो सही है। मिट्टी ढाई मीटर ही खोदने का निर्देश है ज्यादा खोदना गलत है। दोनों ग्राम पंचायत के लेखपालों की मौजूदगी में दोबारा सीमांकन किया जाएगा। तब तक के लिए मिट्टी खुदाई का कार्य रोक दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अधिवक्ताओं ने मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** बार एसोसिएशन अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन, महामंत्री अमर सिंह यादव की अगुवाई में तहसील के अधिवक्ताओं ने मंडलायुक्त राजेश कुमार को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। अधिवक्ता ने नॉन ब्लड मुख्तारनामा से हुए बैनामे की सैकड़ों लंबित पत्रावली में नामान्तरण कराने बाराबंकी से आए अभिलेखों का मुहाफिज खाना फैजाबाद में कागजात के मुआयना की व्यवस्था कराए जाने, बार भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने, तहसील रुदौली में वादकारियों के लिए पेयजल की व्यवस्था कराने,न्यायालयों में अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था कराने की मांग की। इस मौके पर लालमणि यादव, मो. फहीम खान, वेद तिवारी, राजेश पांडेय, संतोष कुमार सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र संग मंजन व ब्रश दिया

**अयोध्या, अमृत विचार :** पंडित हृदयराम शर्मा पी डी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद में गुरुवार को इंटर व हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को प्रवेश पत्र वितरण किया गया। प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने प्रवेश पत्र के साथ मंजन व ब्रश भी मुफ्त में वितरण किया। कहा कि सभी छात्र-छात्राएं स्वस्थ तन और मन के साथ निर्भीक होकर बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हो। शिक्षक अरविंद वर्मा, विनीत मिश्रा, सच्चिदानंद शुक्ला, संत सिंह आदि मौजूद रहे।

### बैंककर्मियों ने हड़ताल कर किया प्रदर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार।** एआईबीईए से संबद्ध यूपी. बैंक इम्प्लाइज यूनियन अयोध्या इकाई के बैनर तले गुरुवार को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल में कामकाज ठप कर केंद्र सरकार की नीतियों को जन एवं कर्मचारी विरोधी बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने बैंकों के निजीकरण पर रोक, पर्याप्त भर्तियां सुनिश्चित करने, आउटसोर्सिंग बंद करने, ग्राहकों के सेवा शुल्क कम करने, प्रतिगामी श्रम संहिताओं को रद्द करने तथा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग उठाई। यूनियन के सचिव केके रस्तोगी ने कहा कि कोरोना काल में विभिन्न श्रम कानूनों को मिलाकर चार श्रम संहिताएं लागू की गईं, जिससे ट्रेड यूनियनों के अधिकार और कर्मचारियों की सुरक्षा प्रभावित हुई है। बताया कि बैंक कर्मचारियों के साथ एलआईसी, आयकर और डाक विभाग के कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल रहे। चेतावनी दी गई कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में विभिन्न बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

### नील कंठ दिवस पर फल वितरण किया

**अयोध्या, अमृत विचार :** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के तत्वावधान में गुरुवार को नीलकंठ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संघ की ओर से जिला अस्पताल में लगभग 120 मरीजों को फल वितरण किया गया। आनंद मार्ग आश्रम देवकाली में तीन घंटे का अखंड कीर्तन आयोजित हुआ। भक्तों ने बाबा नाम केवलम का अखण्ड कीर्तन किया। आनन्द मार्गी विवेक ने बताया कि आनन्द मार्ग के प्रणेता आनन्दमूर्ति को आज ही के दिन जहर दिया गया था और समाज के कल्याण के लिए उन्होने जहर स्वीकार करते हुए शरीर त्यागा था। इसीलिए 12 फरवरी को नीलकंठ दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर आनंद मार्ग सन्यासिनी अवधूतिका, आनंद नम्रता, शिव प्रसाद सिंह, शकुंतला गुप्ता, पूर्णिमा गुप्ता, अरुणिमा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैया जी जोशी ने की समीक्षा बैठक

**अयोध्या,अमृत विचार:** राम मंदिर में 19 मार्च को प्रस्तावित नव संवत्सर समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। समारोह के लिए मेहमानों को आमंत्रित करने की प्रक्रिया मार्च के पहले सप्ताह से शुरू कर दी जाएगी। समारोह की तैयारी की समीक्षा बैठक गुरुवार को संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैया जी जोशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, गोपाल राव समेत जिन सात प्रांतों से मेहमान बुलाए जाने हैं, उन सभी प्रांतों के क्षेत्र प्रचारक, समन्वयक, क्षेत्र समन्वयक शामिल रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू होंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। इसके अलावा करीब पांच हजार मेहमानों को आमंत्रित करने की योजना है।


अश्वमेघ महायज्ञ में महिषासुर मर्दिनी की प्रस्तुति देते थाईलैंड से आए भक्त।

## थाईलैंड के भक्तों ने किया महिषासुर मर्दिनी का मंचन,

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राम नगरी में सरयू तट पर विश्व मातेश्वरी द्वारा आयोजित भव्य अश्वमेघ महायज्ञ में विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण रहा। थाईलैंड से आए भक्तों के दल ने गुरुवार को महिषासुर मर्दिनी की दिव्य प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। उनके सजीव अभिनय, भाव-भंगिमाओं और पारंपरिक वेशभूषा ने यज्ञ स्थल को भक्ति और शक्ति के अद्वितीय संगम में परिवर्तित कर दिया। मंचन के दौरान माँ दुर्गा के तेजस्वी स्वरूप और महिषासुर के अंत का दृश्य इतना प्रभावशाली रहा कि श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। विदेशी भूमि से आए कलाकारों द्वारा भारतीय सनातन संस्कृति के इस शक्तिपरक प्रसंग का प्रस्तुतिकरण अपने आप में अद्भुत और प्रेरणादायक रहा। जिसकी प्रस्तुति को देख पूरा परिसर तालियों से गुंजायमान हो उठा। जहां आयोजकों ने थाईलैंड से आए भक्तों का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह सांस्कृतिक प्रस्तुति वैश्विक स्तर पर सनातन धर्म की एकता और विस्तार का सशक्त उदाहरण है। कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं ने कलाकारों का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया और इस अद्भुत प्रस्तुति की सराहना की।

# वीडियोग्राफी के आधुनिक तकनीकों से कराया परिचित

कुमारगंज, अयोध्या।

- कृषि विवि के मात्स्यिकी महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के तत्वावधान में मात्स्यिकी महाविद्यालय में गुरुवार को एक दिवसीय रचनात्मक फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना तथा उनके शैक्षणिक एवं शोध कार्य को अधिक प्रभावी बनाना रहा।

शुभारंभ महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सीपी. सिंह ने मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह का स्वागत कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी केवल शौक नहीं बल्कि शोध, प्रलेखन और प्रस्तुतीकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इस कौशल को अपने शैक्षणिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता वीरेन्द्र सिंह ने कार्यशाला के दौरान रचनात्मक फोटोग्राफी के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. राधाकृष्णन, डॉ. एसके वर्मा, डॉ. दिनेश कुमार सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला के आयोजक सचिव डॉ. सुमन डे ने अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।



बीकापुर एसडीएम श्रेया को ज्ञापन सौंपते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### बीकापुर बार एसो. ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** रामपुर के अधिवक्ता की गोली मारकर हुई हत्या की घटना की जानकारी होने पर बीकापुर के अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया है। बार एसोसिएशन बीकापुर के मंत्री देवी दयाल मिश्र ने बताया कि बार अध्यक्ष अवध राम यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को एक शोक सभा का आयोजन कर मृतक अधिवक्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित एक मांग पत्र उप जिलाधिकारी श्रेया को सौंपा गया। इसमें हत्या आरोपी को गिरफ्तार करने एवं अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गयी। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश प्रसाद पांडेय, हरिहर प्रसाद यादव, राम मूर्ति यादव, बृजेश यादव, अजय भारती सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# प्रिंसिपल सर! हमें जनरल मेडिसिन से दूसरे विभाग में भेज दें, लिखा खत

अयोध्या कार्यालय।

- मेडिकल कॉलेज के तीन नॉन पीजी जेआर ने प्राचार्य को बताई व्यथा

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के बॉंडेड तीन नॉन पीजी जेआर ने प्राचार्य को पत्र लिखकर जनरल मेडिसिन विभाग में अत्यधिक वर्क लोड और प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया ने जांच कमेटी का गठन कर दिया है।

तीनों ने प्राचार्य को संबोधित पत्र में लिखा है कि हम जनरल मेडिसिन विभाग के नॉन पीजी जूनियर रेजिडेंट्स मजबूरी में यह प्रार्थना-पत्र लिख रहे हैं कि हमें जनरल मेडिसिन विभाग से किसी अन्य विभाग में स्थानांतरित किया जाए। बढ़े हुए कार्य घंटे, अत्यधिक कार्यभार, कुप्रबंधन व मानसिक प्रताड़ना के कारण हमने यह फैसला लिया है। इसी कारण अवैतनिक अवकाश पर रहने को भी विवश हुए। आरोप लगाया कि रोस्टर पर लिखित रूप से ड्यूटी 48-52 घंटे दिखाई जाती है, लेकिन व्यवहार में हमसे प्रति सप्ताह इससे कहीं अधिक काम करवाया जा रहा है। ट्रॉमा विभाग में मेडिसिन के नॉन-पीजी जूनियर रेजिडेंट्स को छोड़कर किसी अन्य विभाग से कोई जूनियर रेजिडेंट नहीं आता, जिससे हमारा कार्यभार और तनाव कई गुना बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में अब हम जनरल मेडिसिन विभाग में कार्य करना असंभव समझ रहे हैं। हमारी मांग है कि हमें जनरल मेडिसिन विभाग से हटाकर किसी अन्य विभाग में स्थानांतरित कर दें। प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया ने ऑब्स एंड गायनी विभागाध्यक्ष डॉ. रीना शर्मा की अध्यक्षता में बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद शुक्ला व ऑर्थो डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रो. डॉ विनोद आर्या को सदस्य नामित करते हुए एक सप्ताह के भीतर जांच आख्या मांगी है।


ग्राम कोटडीह पूरे कालू शुक्ल गांव में खोदाई करते श्रमिक।

### आजादी के बाद पहली बार बनायी जा सरकारी नाली

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** ब्लॉक के ग्राम कोटडीह पूरे कालू शुक्ल गांव में आजादी के बाद पहली बार सरकारी नाली का निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्राम प्रधान पूनम ओझा की पहल पर गुरुवार को गांव में सरकारी नाली निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। नाली के बन जाने से गांव के करीब 32 घरों में रहने वाले लगभग 250 ग्रामीणों को जलभराव और कीचड़ की गंभीर समस्या से राहत मिलेगी। इस मौके पर इन्द्रभान शुक्ला, राहुल पाण्डेय, जग प्रसाद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### एसएमसी अध्यक्ष और सचिव का हुआ प्रशिक्षण

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र नेवरा पर विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्षों व सचिव/प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। शुभारंभ प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री संजय सिंह ने किया। प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षकों संजय सिंह, दिलीप कुमार तिवारी, पवन कुमार चौरसिया व अमित कुमार सिंह ने एसएमसी गठन, मध्याह्न भोजन योजना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सामुदायिक सहभागिता, बालिका शिक्षा और शारदा कार्यक्रम सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत राम व एआरपी मवई आदित्य तिवारी ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। प्रशिक्षण में ब्लॉक मवई के सभी 142 विद्यालयों के एसएमसी अध्यक्ष व सचिव मौजूद रहे।


बीएसए कार्यालय पर आयोजित बाल उत्सव में एक छात्रा की प्रतिभा देखते बीएसए लालचंद।

### विद्यार्थियों ने किया रचनात्मक मेघा का प्रदर्शन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बीएसए कार्यालय में प्रगति, स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 बाल उत्सव का आयोजन किया गया। शुभारंभ बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद्र ने दीप प्रज्वलन करके किया। मुख्य लेखाधिकारी अनुपम की उपस्थिति भी रही। विभिन्न परिषदीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कॉमिक बुक प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अखण्ड प्रताप सिंह, शालिनी सक्सेना, विजय प्रताप सिंह, सारिका चौधरी एवं आशुतोष तिवारी सम्मिलित रहे। मेरे बदलाव की कहानी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मास्टर ट्रेनर्स गीता गुप्ता, रेनु सिंह, अपर्णा द्विवेदी, वंदना तिवारी एवं डॉ. अनामिका मिश्रा सम्मिलित रहीं। जिला समन्वयक(बालिका शिक्षा) भास्कर सिंह द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले जिला नोडल, ब्लॉक नोडल, सुगमकर्ताओं एवं मास्टर ट्रेनर्स को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सराहा गया।

# सद्भावना दिवस के रूप में मनाई रालोद संस्थापक की जयंती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक/ पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की 87 वीं जयंती राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय गौहनिया, तहसील परिसर रुदौली और प्रदेश उपाध्यक्ष के आवास पर सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। पदाधिकारियों और नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया।

वक्ताओं ने उन्हें बेदाग छवि, सुलझा नेतृत्व, सरल व्यक्तित्व, शिक्षा में कुशल, राजनीति के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक बताते हुए कहा कि 90 के दशक में केन्द्रीय कृषि मंत्री रहते उन्होंने लगभग 45 नई चीनी मिलों की स्थापना व विस्तार का निर्णय लिया। इससे गन्ना किसानों को बेहतर मूल्य और बेरोजगार को रोजगार मिला। गौहनियां में प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, जोन अध्यक्ष राम सिंह पटेल ने संबोधित किया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बलराम यादव और संचालन महानगर अध्यक्ष अरविंद सिंह महंत ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव, अवधेश रावत, प्रमोद श्रीवास्तव, महेश नारायण पांडे, आनंद वैश्य आदि थे। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेष नाथ मिश्र सुडडू के पूरे रामरुप स्थित आवास पर भी जयंती समारोह मनाया गया। लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अध्यक्षता रालोद नेता असगर अली और संचालन नानमून निषाद ने किया। कार्यक्रम में वीरेंद्र मिश्रा गुड्डू, रमेश नाथ, जय निषाद, मकबूल अहमद आदि थे।


शिकायत दर्ज कराने के लिए डीएम कार्यालय पहुंचे गुप्तारघाट के लोग।

## अवैध भूमि आवंटन का आरोप, डीएम से शिकायत

**अयोध्या, अमृत विचार :** 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर किए जा रहे भूमि आवंटन को अवैध करार देते हुए गुप्तारघाट के लोगों ने डीएम से शिकायत की है। जांच और कार्रवाई की मांग की है। डीएम कार्यालय पहुंचे राज मनी, राजेश सिंह, शिवकुमार, मनोज, रोहित सिंह आदि का आरोप है कि तीन लोगों को अवैध रूप से भूमि आवंटित कर दी गई है। आरोप लगाया कि लेखपाल की मिलीभगत से आवंटन किया जा रहा है। दिवस अधिकारी को पत्र देकर जांच और कार्रवाई की मांग की। एसडीएम सदर आरपी त्रिपाठी ने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है। जमीन पहले से आवंटित है। जिसकी भी जमीन परिक्रमा मार्ग में गई हैं। उन्हीं को आवंटन किया गया है।

# नहीं रहे देश के लिए तीन युद्ध लड़ने वाले योद्धा परशुराम

अयोध्या कार्यालय

- सैनिक सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार:** देश के लिए समर्पित और वर्ष 1962, 1965 और 1971 का युद्ध लड़ने वाले जांबाज सैनिक सोहावल तहसील के गोठवारा के मूल निवासी नायक परशुराम सिंह नहीं रहे। युद्ध उन्होंने राजपूत रेजीमेंट में रहकर लड़ा। उन्होंने 85 साल की अवस्था में राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में अंतिम सांस ली। सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।


परशुराम सिंह (फाइल फोटो)

उनका अंतिम संस्कार ढेमवा घाट सोहावल में सैनिक सम्मान के साथ किया गया। डोगरा रेजीमेंट सेंटर से आए जवान और जेसीओ ने उनको अंतिम विदाई दी। जेसीओ ने नायक परशुराम को पुष्प चक्र अर्पित कर डोगरा सेंटर के कमांडेंट की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही परिषद के सदस्यों और पदाधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र हवलदार राणा प्रताप सिंह ने दी। अंतिम संस्कार में परिषद के सचिव कैप्टन अमरजीत सिंह, सहसचिव कैप्टन जेपी द्विवेदी, हवलदार रणविजय सिंह, कैप्टन बीके सिंह, ओम प्रकाश सिंह नाहर, कैप्टन प्रभाकर सिंह, सिन्धु पाण्डेय, अध्यक्ष श्रीप्रकाश पाठक सहित गांव और शहर के लोग शामिल थे।

### यूपी बोर्ड | हैकर्स, सोशल मीडिया पर होगी नजर, कंट्रोल रूम में बनेगा सेल

# पहली बार आईटी प्रोफेशनल तैनात

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं को साइबर हमलों से मुक्त रखने के लिए बोर्ड ने विशेष 25 आईटी प्रोफेशनल्स को हायर किया है। जो परीक्षा अवधि के दौरान बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगातार नजर रखेंगे। डीआईओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि इन तकनीकि जानकारों का मुख्य उद्देश्य किसी भी तरह की हैकिंग की कोशिश, फेक न्यूज या अफवाहों पर तुरंत कार्रवाई करना है।

राज्य स्तरीय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के अलावा जीआईसी कंट्रोल रूम में एक स्पेशल सेल बनाया जाएगा, जहां ये आईटी विशेषज्ञ काम करेंगे। यह सेल बोर्ड की वेबसाइट पर किसी अनधिकृत एक्सेस, डेटा ब्रिच या सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही गलत जानकारियों को रीयल-टाइम में ट्रैक करेगा। अयोध्या जिले में भी यह व्यवस्था लागू की गई है, जहां परीक्षा केंद्रों पर एआई आधारित सीसीटीवी, स्ट्रांग रूम की 24 घंटे ऑनलाइन मॉनिटरिंग और स्थानीय स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय रहेंगे।


प्रतीकात्मक फोटो

### जांच के दौरान नहीं उतरवाए जाएंगे जूते-मोजे

अब नई गाइडलाइंस के अनुसार इस बार बोर्ड परीक्षा देने आने वाले छात्रों को जांच के दौरान जूते और मोजे नहीं उतरवाने होंगे। पहले कई जगहों पर इस व्यवस्था का विरोध हुआ था, जिसके बाद बोर्ड ने जांच प्रक्रिया को सम्मानजनक बनाने का फैसला लिया है। वहीं छात्राओं की जांच केवल महिला स्टाफ द्वारा ही की जाएगी, ताकि किसी भी तरह की असुविधा या शिकायत की स्थिति न बन पाए सभी परीक्षा केंद्रों को इस व्यवस्था का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# अयोध्या में आकार ले रहा सबसे ऊंचे भवन वाला कार्यालय

## सोलर पॉवर बैकअप से युक्त होगा एडीए व नगर निगम का संयुक्त कार्यालय भवन

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। शहर अब न केवल आध्यात्मिक केंद्र के रूप में बल्कि आधुनिक सुविधाओं और पर्यावरण-अनुकूल ढांचे के साथ भी उभर रहा है। इसी कड़ी में अयोध्या विकास प्राधिकरण और नगर निगम का संयुक्त कार्यालय भवन निर्माणाधीन है। सिविल लाइन्स क्षेत्र में सदर तहसील के निकट 2.5 एकड़ भूमि पर बन रहा यह भवन न सिर्फ अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा बल्कि जिले का सबसे ऊंचा और सबसे आधुनिक सरकारी कार्यालय भवन माना जा रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो दीपोत्सव तक इसका श्रीगणेश हो जाएगा।

119.90 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन भवन की कुल ऊंचाई 24 मीटर है, जो इसे जिले के अन्य भवनों से अलग बनाती है। संरचना में डबल बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और उसके ऊपर पांच मंजिलें शामिल हैं। वर्तमान में निर्माण का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। अब केवल फिनिशिंग, फॉल सीलिंग और अन्य अंतिम कार्य बाकी है। दावा किया जा रहा है कि दीपोत्सव तक यह भवन पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा और दोनों विभाग यहां संयुक्त रूप से कार्य करना शुरू कर देंगे। इस भवन की खासियत यह है कि इसमें सभी अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध होंगे। सबसे महत्वपूर्ण विशेषता सोलर पॉवर बैकअप सिस्टम है। यदि बिजली आपूर्ति बाधित होती है, तो सोलर ऊर्जा से निर्बाध बैकअप मिलेगा। संभवतः यह जिले का पहला ऐसा बड़ा सरकारी भवन होगा जहां सोलर पॉवर पर इतना जोर दिया गया है। यह अयोध्या को सोलर सिटी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां पहले से ही सड़कों पर सोलर लाइट्स और अन्य परियोजनाएं चल रही हैं।


अयोध्या विकास प्राधिकरण व नगर निगम के संयुक्त कार्यालय का निर्माणाधीन भवन।

### 292 कारों की पार्किंग के लिए होगा स्पेस

भवन परिसर में 292 से अधिक कारों के लिए पार्किंग स्पेस होगा, जो आने-जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए सुविधाजनक साबित होगा। सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी हर संभव इंतजाम किया गया है। भवन में आधुनिक फायर फाइटिंग सिस्टम, स्मोक डिटेक्टर, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और अन्य आवश्यक संसाधन मौजूद रहेंगे।

### गृहा की थ्री स्टार रेटिंग के तहत कार्य

ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट को लेकर गृहा की थ्री स्टार रेटिंग के तहत भवन में कार्य किया जा रहा है। इसकी अधिकृत घोषणा सर्टिफिकेट मिलते ही हो जाएगी, जो इसकी पर्यावरण-अनुकूलता को प्रमाणित करेगी। यह भवन केवल कार्यालय नहीं, बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। बढ़ती आबादी, पर्यटन और विकास को देखते हुए इतना बड़ा और मजबूत ढांचा तैयार किया जा रहा है। निर्माण कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग एडीए और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी कर रहे हैं। वे समय-समय पर स्थल का निरीक्षण करते हैं और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हैं।

> राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन, सड़कें और अब यह संयुक्त कार्यालय भवन शहर को और अधिक व्यवस्थित व सुविधा संपन्न बनाने में सहायक सिद्ध होगा। भवन का 80 फीसदी निर्माण पूरा हो चुका है। -हेम सिंह, सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण

### पुलिस लाइन की बहुमंजिला इमारत आवासीय

वैसे तो अयोध्या में बड़े-बड़े भवन बन रहे हैं। होटल-रिसोर्ट तैयार हो रहे हैं, लेकिन सरकारी भवनों की बात करें तो संभवतः पुलिस लाइन में बने दो भवन अब तक के सबसे ऊंचे भवन बताए जाते हैं, लेकिन दोनों आवासीय हैं। इसी कारण एडीए और नगर निगम के संयुक्त कार्यालय को सबसे ऊंचा कार्यालय भवन बनाए जाने का दावा किया जा रहा है।

### नगर आयुक्त व एडीए उपाध्यक्ष ने दिए आवश्यक निर्देश

नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार व एडीए उपाध्यक्ष अनुराग जैन ने गत दिनों निर्माणाधीन संयुक्त कार्यालय भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों ही अधिकारियों ने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण उपरांत संबंधित अधिकारियों को कार्य में अपेक्षित गति बनाए रखने, निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने एवं समयबद्ध रूप से निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

## रामनगरी में भक्तों का स्वागत करेगा लक्ष्मण द्वार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचारः** रामनगरी अब भक्तों के लिए और अधिक आकर्षक व स्वागतमय बन रही है। राम मंदिर के दर्शनार्थ आने वाले लाखों श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत करने के लिए एनएच-330ए (अयोध्या-गोण्डा मार्ग) पर एक शानदार लक्ष्मण द्वार का निर्माण तेजी से चल रहा है। यह प्रवेश द्वार अयोध्या की धार्मिक गरिमा को और निखारने के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह भव्य लक्ष्मण द्वार देईपुर/कटरा भागचंद्र अहतमाली क्षेत्र में 40 मीटर चौड़े मार्ग पर बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को इस परियोजना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुल निर्माण लागत 3,970.50 लाख रुपये निर्धारित की गई है। द्वार को पिंक सॉलिड स्टोन से सजाया जाएगा, जो इसे राजसी एवं आकर्षक बनाएगा। राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर रविंद्र यादव ने बताया कि वर्तमान में परियोजना का 35 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और अक्टूबर तक पूरा लक्ष्मण द्वार तैयार हो जाएगा।

## सिंधी खानपान और पारंपरिक कलाओं से रू-ब-रू हुए विद्यार्थी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में अमर शहीद संत कंवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित सात दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने सिंधी खान-पान और पारंपरिक कलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को पारंपरिक सिंधी व्यंजनों की बारीकियों से रू-ब-रू कराया।

कोमल लखमानी ने पौष्टिक और स्वादिष्ट 'माजून' बनाने की विधि साझा की। गीत हासानी ने प्रसिद्ध 'सिंधी मीठी टिक्की' बनाने के गुण सिखाए। सीमा मिठवानी ने पारंपरिक 'रोट' तैयार करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। हस्तशिल्प कौशल पर भी जोर दिया गया। विनीता मोटवानी ने 'टाई एंड डाई' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया और विद्यार्थियों को कपड़े बांधने की विभिन्न तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। संयोजक एवं सिंधी अध्ययन केंद्र के मानद निदेशक प्रो. अनूप कुमार, जैव रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. फर्रुख जमाल एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम का स्वागत किया गया। इसमें लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



अवध विवि में कौशल विकास कार्यशाला में प्रशिक्षण के अवसर पर विशेषज्ञों का स्वागत करते शिक्षक।



### रोड नहीं तो वोट नहीं का लगाया नारा

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही-ड्योढी मार्ग से सीएचसी सोहावल जाने वाली जर्जर सड़क को लेकर शेखपुर जाफर गांव के लोगों का गुस्सा फूटा। समाजसेवी मो. साबिर की अगुवाई में रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाया। कहा कि सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। यहां पहुंचे अभिषेक सिंह टिंकू ने भी गांव के लोगों का समर्थन किया। इस दौरान राम सुरेश नेता, आरिफ खान, महफूज, सज्जू, अनंत राम यादव सहित अन्य थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन

**शाहगंज, अयोध्या।** बीकापुर के सराय भनौली काजी सराय में संचालित मुमताज जूनियर हाई स्कूल काजी सराय में बृहस्पतिवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा गीत, संगीत, नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि डॉ. मेराज अहमद ने शैक्षिक गुणवत्ता की सराहना की। विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद शोएब एडवोकेट ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक रामजनम मिश्रा, श्याम लाल पांडे, बार एसोसिएशन बीकापुर के अध्यक्ष बैजनाथ तिवारी, प्रधान विजय गौड़ समेत अन्य मौजूद रहे।

### साइबर ठगी के शिकार को वापस कराये 2.42 लाख रुपये

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार पीड़ित की संपूर्ण धनराशि वापस कराने में सफलता पाई है। पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट कर उससे 2.42 लाख रुपये ठगे गए थे। मामला नवंबर-दिसंबर वर्ष 2024 का है। पीड़ित के तमाम प्रयास के बाद साइबर थाना पुलिस ने केस नहीं दर्ज किया था। जिसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली थी। न्यायालय के आदेश पर 6 जनवरी 2025 को साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया था। पूरा बाजार थाना महराजगंज निवासी पीड़ित सलमान ने अपनी शिकायत में बताया था कि अज्ञात ने फोन पर स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर उससे 25 नवंबर 2024 को 50 हजार व 6 दिसंबर 2024 को एक लाख 92 हजार 553 रुपये समेत कुल दो लाख 42 हजार 553 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया था। इसकी शिकायत साइबर क्राइम हेल्प लाइन पर की थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी के खाते को होल्ड कर दिया गया था। बताया कि उन्होंने साइबर थाने में भी शिकायत दी थी लेकिन केस दर्ज करने के बजाए टाल मटोल किया जाता रहा। इसके बाद 12 जुलाई 2025 को रजिस्टर्ड डाक से एसएसपी को भी सूचना दी गई, फिर भी केस नहीं दर्ज हुआ। इसके बाद न्यायालय की शरण ली, आदेश पर 6 जनवरी 2026 को केस दर्ज किया गया। साइबर क्राइम थाना प्रभारी मो अरशद ने बताया कि पीड़ित की समस्त धनराशि को वापस करा दिया गया है।


शिवाजी कुशलावती इंटर कॉलेज पलई कल्याणपुर में छात्रों के विदाई समारोह में मौजूद विद्यालय के प्रबंधक उग्रसेन यादव व अन्य।

### छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह धूमधाम से संपन्न

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत शिवाजी कुशलावती इंटर कॉलेज पलई कल्याणपुर में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आशुतोष शर्मा उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम मे विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सतत प्रयत्न करने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक कुमार ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उपहार देकर उनका मनोबल बढ़ाया। विद्यालय के प्रबंधक उग्रसेन यादव ने उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप प्रधानाचार्य दीपक वर्मा, राहुल श्रीवास्तव, रामकिशोर यादव, सुजीत जायसवाल, राहुल श्रीवास्तव उमरानी, विजय बहादुर यादव, अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल का जीवन समाज के निर्बल लोगों को था समर्पित : अमित

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भाजपा के आदिपुरुष एवं अंत्योदय के जनक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्य तिथि को भाजपा ने समर्पण दिवस के रूप में मनाया। जिला मुख्यालय के एक निजी होटल में मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी और डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। समर्पण दिवस पर भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि पण्डित दीनदयाल ने गरीबी और अभाव को नजदीक से देखा है। उन्होंने सदा से समाज के अंतिम पायदान पर निवास करने वाले अति दलित और समाज में दबे कुचले लोगों को आगे बढ़ाने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन हमेशा समाज के सबसे निर्धन और निर्बल लोगों के लिए समर्पित रहा है। कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने देश में तुष्टीकरण की विष घोला है। पण्डित दीनदयाल जनता पर अपनी मर्जी थोपने वाले सरकारों के प्रबल विरोधी रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय जैसा व्यक्तित्व और कृतित्व वाला कोई भी राजनीतिज्ञ नहीं हुआ है।

# कमर हयात अंसारी ने बसपा की प्राथमिक सदस्यता छोड़ी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** बसपा को जनपद में उस समय बड़ा राजनीतिक झटका लगा जब पार्टी के पूर्व लोकसभा उम्मीदवार एवं नगर पालिका परिषद जलालपुर के पूर्व चेयरमैन कमर हयात अंसारी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। करीब 30 वर्षों तक बसपा से जुड़े रहे कमर हयात अंसारी ने अपने त्यागपत्र में लिखा है कि उन्होंने मान्यवर कांशीराम के मिशन और राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में दलित, मुस्लिम और पिछड़े वर्गों के हितों के लिए निरंतर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बीते लोकसभा चुनाव में उन्हें लगभग दो लाख मत प्राप्त हुए, जो सर्वसमाज के समर्थन का प्रमाण है। अपने पत्र में उन्होंने मायावती के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए लिखा कि पार्टी नेतृत्व के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के स्नेह के लिए वह सदैव आभारी रहेंगे, लेकिन अपरिहार्य कारणों से वह बसपा की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहे हैं। इधर इस संबंध में जब बसपा जिलाध्यक्ष सुनील सावंत से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस बाबत न तो कोई आधिकारिक पत्र प्राप्त हुआ है और न ही त्यागपत्र की कोई जानकारी है। कमर हयात के बसपा से इस्तीफे के बाद सपा में शामिल होने की उनकी चर्चाएं तेज हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। राजनीतिक गलियारों में उनके इस्तीफे को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। जनपद की राजनीति में इसे बसपा के लिए अहम झटका माना जा रहा है।


कमर हयात अंसारी।

### भस्मा ग्राम सभा में कोटेदार पर घटतौली का आरोप, जांच को पहुंचीं खाद्य क्षेत्रीय अधिकारी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** विकासखंड जलालपुर की भस्मा ग्राम सभा में कोटेदार पर लगातार राशन में घटतौली का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने खाद्य विभाग से शिकायत किया है। शिकायत के बाद बुधवार को खाद्य क्षेत्रीय अधिकारी सुनीता मौके पर पहुंचीं और उपभोक्ताओं को वितरित किए जा रहे खाद्यान्न की जांच किया। ग्रामीणों की ओर से भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक रोहित कुमार तथा अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष राकेश कुमार ने लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि कोटेदार द्वारा लंबे समय से उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जा रहा है। उनका कहना है कि पात्र लाभार्थियों को 2 किलो, 3 किलो से लेकर 5 किलो तक राशन की कटौती कर वितरण किया जा रहा है, जिससे गरीब परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के आधार पर गांव पहुंचीं खाद्य क्षेत्रीय अधिकारी सुनीता ने मौके पर जांच-पड़ताल की और लाभार्थियों से जानकारी ली। हालांकि उन्होंने जांच के संबंध में विस्तृत जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा कि मामले की जांच की जा रही है, रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि राशन में घटतौली का यह पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी क्षेत्र के विभिन्न कोटेदारों पर इस तरह के आरोप लग चुके हैं, लेकिन समस्या पर स्थायी रोक नहीं लग सकी है।

### बिटिया की शादी में भेंट किए गृह उपयोगी सामान

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** नारायण फाउंडेशन ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए जरूरतमंद परिवार की बिटिया की शादी में सहयोग प्रदान किया। फाउंडेशन ने दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली आवश्यक वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट किया। नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य द्वारा समाज की गरीब बहनों के विवाह में कोई बाधा न आए इस उद्देश्य से निरंतर सहयोग किया जाता रहा है। इसी क्रम में अकबरपुर के कहरा सुलेमपुर निवासी हिमांशु गौड़ की बहन महिमा गौड़ के विवाह में फाउंडेशन ने आर्थिक व सामग्री सहयोग प्रदान किया। महिमा गौड़ का विवाह महमतपुर देवी दयाल निवासी प्रिंस गौड़ के साथ संपन्न हुआ। बताया गया कि महिमा के माता-पिता के निधन के बाद शादी की पूरी जिम्मेदारी उनके छोटे भाई हिमांशु गौड़ पर आ गई थी। आर्थिक कठिनाई को देखते हुए ग्राम प्रधान अशोक प्रजापति के साथ हिमांशु ने विवेक मौर्य से संपर्क किया। स्थिति से अवगत होने पर विवेक मौर्य ने भाई धर्म निभाते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। जब नारायण फाउंडेशन की टीम अली, वाफा, उत्सव, रवि, मिंटू व अन्य सदस्य शादी का सामान लेकर बिटिया के घर पहुंचे तो सैकड़ों ग्रामवासियों ने उनका स्वागत किया और विवेक मौर्य के प्रति आभार व्यक्त किया।


नारायण फाउंडेशन ने जरूरतमंद परिवार को भेंट किया उपहार।

## युवक की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का लगाया आरोप

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर अंतर्गत ग्राम टिकोरिया बुजुर्ग में बीती शाम एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। टिकोरिया बुजुर्ग गांव निवासी आकाश उर्फ रवि सिंह (19) पुत्र अभिमन्यु सिंह घर से सुबह अपने पट्टीदार और दो अन्य लोगों के साथ गया था। परिजनों ने पट्टीदारों पर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतक की मां अनीता सिंह ने बताया कि बीते बुधवार सुबह पिंकू उर्फ रुद्र प्रताप सिंह तथा दो अन्य अज्ञात व्यक्ति दो बोलेरो गाड़ियों से उनके बेटे आकाश को अपने साथ ले गए थे। आरोप है कि देर शाम उक्त लोग आकाश के साथ मारपीट कर उसे मरणासन्न अवस्था में घर के बाहर छोडक़र फरार हो गए। बेटे की हालत गंभीर देख परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहांगीरगंज लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना अध्यक्ष अक्षय कुमार पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।

# छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** मालीपुर थाना क्षेत्र के आशानंदपुर बरौली गांव में निजी विद्यालय के 9 वर्षीय छात्र अंश की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में गुरुवार को प्रशासन ने शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नायब तहसीलदार अमरनाथ, मालीपुर पुलिस और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में हमजापुर स्थित मंजूषा नदी तट पर दफन शव को बाहर निकालकर पंचनामा भरा गया।

परिजनों के अनुसार अंधे दंपती हीरालाल और शशिकला का इकलौता पुत्र अंश मंगलवार सुबह करीब 8 बजे स्कूल बस से जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर मालीपुर पढने गया था। आरोप है कि सुबह करीब 10 बजे स्कूल में उसकी तबीयत खराब हो गई और उसे उल्टियां होने लगीं, लेकिन विद्यालय प्रशासन ने परिवार को तत्काल सूचना नहीं दी। दोपहर 3 बजे छुट्टी के बाद उसे बस से घर भेज दिया गया। आरोप है कि बस में भी उसकी हालत बिगड़ती रही और घर से लगभग 500 मीटर पहले चालक ने उसे उतार दिया। घर पहुंचने के बाद हालत गंभीर होने पर परिजन उसे स्थानीय चिकित्सक के पास ले गए, जहां उपचार के बाद घर लौटने पर उसकी मौत हो गई। बाद में परिजनों ने शव को मंजूषा नदी तट पर दफन कर दिया था। बुधवार को मृतक की मां ने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए उपजिलाधिकारी जलालपुर को प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने टीम गठित कर पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए।


शव को कब्र से निकालकर पंचनामा की कार्रवाई करती पुलिस।

### बसपा जिलाध्यक्ष ने जांच की मांग की

बसपा जिला अध्यक्ष सुनील सावंत गौतम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। प्रशासन से मांग किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा पीडित परिवार को उचित न्याय व सहायता प्रदान की जाए।

### झांसा देकर दो लाख की ठगी, एक गिरफ्तार

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** जिले के सरायमीर थाना क्षेत्र में सोने-चांदी का लालच देकर दो लाख रुपये की ठगी करने वाले एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक लाख 90 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। वादी नन्दलाल निषाद निवासी ग्राम पश्चिम पट्टी थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ ने थाना सरायमीर में तहरीर देकर बताया कि लगभग एक माह पूर्व धर्मेन्द्र निवासी कमरावा थाना गंभीरपुर ने झाड़-फूंक के बहाने उनसे संपर्क किया। उसने अपने साथी रामआशीष मौर्या निवासी जमुवावा थाना बरदह के पास 20 किलो चांदी व दो सोने की ईंट होने का लालच दिया। बताया गया कि मंगलवार को छित्तेपुर पेट्रोल पंप के पास दोनों अभियुक्तों ने वादी से 2 लाख रुपये लेकर कागज में लिपटे दो थैले थमा दिए और फरार हो गए। बाद में थैला खोलने पर उसमें पीतल के टुकड़े निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया। गुरुवार को ने मुखबिर की सूचना पर खण्डवारी नहर पुलिया के पास दबिश दी गई। पुलिस को देखकर एक संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम धर्मेन्द्र कुमार निवासी कमरावा थाना गंभीरपुर बताया और घटना में संलिप्तता स्वीकार की। तलाशी में उसके पास से धोखाधड़ी से प्राप्त 1,90,000 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

### इंटर स्टेट वॉलीबॉल टूर्नामेंट 14—15 को

**संवाददाता, आजमगढ़।** ग्रामीण व पूर्वांचल क्षेत्र के युवाओं में खेल प्रतिभा, कौशल विकास और स्टार्टअप जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14 व 15 फरवरी 2026 को सरदार पटेल इंटर स्टेट वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन केशव विद्यापीठ इंटर कॉलेज परिसर, मऊकुतुबपुर सगड़ी में किया जाएगा। उक्त जानकारी संस्था के प्रमुख डा. ओंकार राय ने शहर के एक होटल में प्रेसवार्ता के दौरान दी। डा. ओंकार राय ने बताया कि यह पहल केवल खेल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने की एक दीर्घकालिक योजना की शुरुआत है। संस्था क्षेत्र के गांवों में स्पोर्ट्स क्लब स्थापित कर स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगी।

तैयारी

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शिव बाबा धाम का किया स्थलीय निरीक्षण, जिम्मेदारों को दिए निर्देश

# महाशिवरात्रि को लेकर सभी व्यवस्थाएं ससमय करें पूर्ण : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद में कानून-व्यवस्था और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने प्रमुख शिवालयों, मंदिरों, स्थलों शिवबाबा धाम और शिवलाघाट शहजादपुर आदि का संयुक्त रूप से भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुचारु आवागमन, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन तथा भीड़ नियंत्रण के प्रभावी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने जनपद के समस्त संबंधित स्थलों पर नियमित साफ-सफाई, समुचित प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, अस्थायी शौचालय, स्वास्थ्य सुविधाएं और आवश्यक संकेत पट्टों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सतर्क एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर विशाल सारस्वत, क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


शिवरात्रि को लेकर शिवबाबा धाम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर।

### डीएम ने विकास खंड कटेहरी का किया निरीक्षण

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने गुरुवार को विकास खंड कटेहरी स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय के विभिन्न अनुभागों और पटलों का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए परिसर स्थित ग्राउंड को एक सुसज्जित एवं उपयोगी पार्क के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेहतर पाथवे, आकर्षक फूल-पौधों, बैठने के लिए बेंच, समुचित स्ट्रीट लाइट एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थापना सुनिश्चित कर कार्यालय परिसर में स्वच्छ, सुन्दर और जनोपयोगी वातावरण प्रदान करने के निर्देश दिए।

### समूह की दीदियों को दिया जाए प्रशिक्षण

जिलाधिकारी ने मनरेगा कक्ष के निरीक्षण के दौरान प्रचलित कार्यों, श्रमिक भुगतान, मास्टर रोल आदि अभिलेखों का अवलोकन किया तथा भुगतान प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सहायक विकास अधिकारी कक्ष, एनआरएलएम कक्ष आदि का भी निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विकास खंड में संचालित स्वयं सहायता समूहों की संख्या, उनके संचालन, आय सृजन गतिविधियों एवं उनसे प्राप्त लाभों की जानकारी प्राप्त की।

# हाइड्रोलिक पंखे से बचेगी जान, 7वीं के छात्र ने तैयार किया स्मार्ट सीलिंग फैन

**विज्ञान प्रदर्शनी**

- एंटी सुसाइड फैन में लगा अलार्म देगा अनहोनी की जानकारी
- तकनीक के सहारे संवेदनशील पहल, बच्चे ने दिखाया नया रास्ता

उमानाथ तिवारी, गोंडा



विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल के साथ छात्र आकाश व विज्ञान शिक्षक मनोज चतुर्वेदी।

**अमृत विचार :** जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर के सातवीं क्लास में पढ़ने वाले छात्र आकाश पासवान ने एक ऐसे सीलिंग फैन का प्रोजेक्ट तैयार किया है जो आत्महत्या के मामलों को रोकने में काफी कारगर होगा।

इस सीलिंग फैन में हाइड्रोलिक सिस्टम लगा है साथ ही यह अलार्म की सुविधा से भी लैस है। आकाश का कहना है कि जैसे ही इस पंखे से लटककर कोई आत्महत्या करने की कोशिश करेगा, वैसे ही अपने हाइड्रोलिक सिस्टम के चलते यह फैन तत्काल नीचे आ जायेगा और लटकने वाले शख्स का पैर जमीन से छू जायेगा। इसके अलावा फैन में लगा अलार्म भी बजने लगेगा जिससे परिवार के अन्य सदस्य भी सजग हो जायेंगे और परिवार में होने वाली किसी भी अनहोनी को समय रहते टाला जा सकेगा। तकनीक आधारित आकाश की यह संवेदनशील पहल पंखे का निर्माण करने वाली कंपनियों को नई राह दिखाएगी। राष्ट्रीय आविष्कार योजना के तहत लगी प्रदर्शनी में इस सुरक्षा मॉडल की सीडीओ अंकिता जैन समेत अन्य अफसरों ने सराहना की। स्कूल के विज्ञान शिक्षक मनोज चतुर्वेदी ने बताया कि पंखे का निर्माण करने वाली कंपनियां यदि इस तकनीक का प्रयोग कर पंखा तैयार करती हैं तो आने वाले समय में यह कारगर साबित होगा।

### चचेरे भाई ने पंखे से लटककर दी थी जान, आहत बालमन से उत्पन्न हुआ नवाचार

**गोंडा, अमृत विचार :** परसपुर ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र आकाश पासवान ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके चचेरे भाई ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना से वह बहुत आहत हुआ था। भाई को पंखे से लटका देख उसने सोचा कि यदि यह पंखा नीचे होता तो भाई की जान बच सकती थी। इसके बाद वह इसी उधेड़बुन में था कि कोई ऐसी तकनीक हो जिससे पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला खत्म करने वाले लोगों की जान बच सके। साथ ही परिवार के सदस्यों को भी अनहोनी की जानकारी मिल सके। आकाश का कहना है कि उसने हाइड्रोलिक सिस्टम के बारे में पढ़ा था। उसने इसे पंखे में इस्तेमाल करने की सोची। फिर उसने हाइड्रोलिक सिस्टम वाला पंखा तैयार किया और उनमे अलार्म भी फिट किया।

### छात्र की पहल को अफसरों ने सराहा

**गोंडा, अमृत विचार :** छात्र आकाश की इस पहल को अफसरों ने सराहा। सीडीओ अंकिता जैन ने उसे शाबाशी दी। बीएसए अमित सिंह ने कहा कि यह नवाचार न केवल विज्ञान के क्षेत्र में बच्चों की प्रतिभा को दर्शाता है, बल्कि समाज को संदेश भी देता है कि जागरूकता, तकनीक व संवेदनशील सोच के माध्यम से कई अनहोनी घटनाओं को रोका जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### परीक्षा देकर लौट रहे छात्र पर हमला

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** परीक्षा देकर लौट रहे एक छात्र पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। छात्र की तहरीर पर तीन नामजद तथा अज्ञात सहित चार छात्रों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। तरबगंज के करनपुर निवासी विवेक पाण्डेय ने दी तहरीर में बताया कि वह बुधवार की सायं करीब 4:15 बजे नन्दिनी नगर महाविद्यालय में परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहा था। दुल्लापुर क्रॉसिंग के पास उसे अर्पित पांडे, देवांश सिंह, सोमनाथ तिवारी सहित एक अन्य युवक ने रोक लिया और गाली देने लगे। मना करने पर उसे लात-घूंसे व बेल्ट से पीटा। उसके सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़ित छात्र की तहरीर पर अभियोग दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### घर से निकला श्रमिक संदिग्ध दशा में लापता

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** रूदापुर गांव का श्रमिक दो दिन बाद घर नहीं लौटा। श्रमिक की गुमशुदगी की रिपोर्ट पत्नी ने दर्ज कराई है। ग्राम मुरावन पुरवा रूदापुर की गायत्री देवी ने बताया कि पति राजाराम (25) दस फरवरी को धानेपुर बाजार मजदूरी करने गये थे। लेकिन वापस नहीं लौटे। पति का मोबाइल नंबर भी बंद है। खोजबीन करने पर भी पता नहीं चल सका है। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

### आग से छप्पर जलकर राख

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिव पुरिया के अमारे भरिया गांव में बुधवार रात अज्ञात कारणों से छप्पर में आग लग गई। आग लगने से छप्पर व चारा मशीन को नुकसान हुआ। मोतीलाल ने बताया कि छप्पर में देर रात आग कैसे लगी, जानकारी नहीं हो सकी। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### किशोरी को किया अगवा, मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी बेटी को निधि नगर का रत्तीराम कहीं भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने बताया कि युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के लिए टीम गठित किया गया है।

# 1.30 लाख रुपये की वसूली में दो सब इंस्पेक्टर निलंबित

## हेल्पलाइन की शिकायत बनी फंदा, आईजी ने की कार्रवाई

**कार्रवाई**

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** एफआईआर और दबिश के नाम पर 1.30 लाख रुपये की वसूली करना श्रावस्ती जिले के दो पुलिसकर्मियों को भारी पड़ गया है। देवीपाटन परिक्षेत्र की भ्रष्टाचार निरोधी हेल्पलाइन पर दर्ज दो अलग-अलग शिकायतों में प्रथमदृष्टया आरोप सही पाए जाने के बाद पुलिस महानिरीक्षक ने सख्त कार्रवाई करते हुए श्रावस्ती जिले के जेल चौकी प्रभारी समेत 2 उपनिरीक्षकों को निलंबित कर दिया है। दोनों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश भी जारी किया गया है। आईजी अमित पाठक की कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा है।

शिकायतकर्ता राजेन्द्र वर्मा निवासी ग्राम छोटा गुलौरा, थाना नानपारा, जनपद बहराइच ने परिक्षेत्र की हेल्पलाइन नम्बर-8467919487 पर शिकायत दर्ज करायी कि 20 जून 2025 की रात लगभग 1 बजे थाना हरदत्तनगर गिरण्ट, जनपद श्रावस्ती के उपनिरीक्षक अंकुर वर्मा अन्य 8-10 पुलिसकर्मियों के साथ उनके घर पहुंचे और दबिश देकर उन्हें थाने ले गये।

आरोप है कि पूछताछ के बाद सुबह करीब 4 बजे छोड़ने के एवज में स्थानीय चर्चित दलाल के माध्यम से 1 लाख 30 हजार रुपये वसूले गये। एक अन्य मामले में फूलमती पत्नी जगतराम कुमार, निवासी ग्राम हल्लाजोत, थाना भिनगा, जनपद श्रावस्ती ने शिकायत की कि पड़ोसी से विवाद के मामले में मुकदमा दर्ज कराने व विपक्षी पर कार्रवाई के लिए दलाल के जरिये प्रभारी जेल चौकी भिनगा एसएन यादव द्वारा 2000 रुपये लिये गये, लेकिन इसके बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की गयी। दोनों शिकायतों पर पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक के निर्देश पर भ्रष्टाचार निरोधी सेल द्वारा गोपनीय जांच करायी गयी।

जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। इसके बाद मामले की विस्तृत जांच जनपद श्रावस्ती से कराई गई, जिसमें आरोपों की पुष्टि हुई। दोषी पाए जाने पर उपनिरीक्षक अंकुर वर्मा, थाना हरदत्तनगर गिरण्ट तथा उपनिरीक्षक एस.एन. यादव, प्रभारी जेल चौकी भिनगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही दोनों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला कांटा बाबू का धड़ से अलग शव


मौके पर जुटी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में चंगेरिया गांव के पास रेलवे गुमटी के निकट ट्रैक पर धड़ से अलग शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जरवल चीनी मिल के एक कांटा बाबू के रूप में हुई है।

गुरुवार को भंभुआ चौकी क्षेत्र अंतर्गत चंगेरिया गांव के पास रेलवे ट्रैक पर ग्रामीणों ने शव देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच में मृतक की शिनाख्त रविदत्त सिंह (58) निवासी ग्राम पंचायत बिबियापुर अवधूत नगर, कोतवाली करनैलगंज के रूप में हुई। वह जरवल चीनी मिल में कांटा बाबू के पद पर लालेमऊ में तैनात थे। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

# पत्थर से टकराई बाइक भाई और बहन घायल

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** गोंडा-अयोध्या मार्ग पर गुरुवार की सुबह सड़क पर पड़े पत्थर से बाइक टकराने के बाद अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

संतकबीरनगर के आदित्य तिवारी (25) अपनी बड़ी बहन ज्योति के साथ बाइक से गोंडा में बीएड की परीक्षा देने जा रहे थे। सुबह करीब आठ बजे जब वे नवाबगंज से परसापुर गांव के पास पहुंचे, तभी सड़क पर पड़े पत्थर से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे दोनों भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**रफ्तार की मार**

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार :** मसकनवा से गोंडा जाते समय मनकापुर-दर्जी कुआं मार्ग पर गुरुवार दोपहर सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।


हिमांशु फाइल फोटो।

पटखौली मसकनवा निवासी हिमांशु चौहान (32) गुरुवार को बाइक से गोंडा जा रहे थे। दोपहर करीब तीन बजे जोगापुर गांव के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हिमांशु की मौके पर ही मौत हो गई। हिमांशु बीटेक की पढ़ाई पूरी कर एक निजी महाविद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे और परिवार के भरण-पोषण की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। तीन माह पूर्व उनके पिता कुंज बिहारी चौहान की हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई थी। पिता के निधन के बाद घर की जिम्मेदारी संभाल रहे हिमांशु की असमय मौत ने परिवार को पूरी तरह से तोड़ दिया है। मां जानकी देवी (55) को जैसे ही इकलौते बेटे की दुर्घटना में मौत की सूचना मिली, वह बेसुध हो गईं। बड़ी बहन पूर्णिमा चौहान (35) लंबे समय से बीमार चल रही हैं, जबकि छोटी बहन पुनीत चौहान (25) दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रही है। परिवार के पालन-पोषण और बहनों की जिम्मेदारी हिमांशु ही निभा रहे थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

मां जानकी देवी की तहरीर पर पुलिस ने पिकअप चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाली पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**करनैलगंज, अमृत विचार :** बुधवार की रात करनैलगंज से घर लौट रहे बाइक सवार को तालेपुरवा चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गंभीर हालात में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बरगदी कूरी के बढ़इनपुरवा निवासी विनीत सिंह बाइक से करनैलगंज से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान ताले पुरवा चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर समाजसेवी शिवम सिंह मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए घायल युवक को जिला अस्पताल गोंडा रेफर कर दिया।

# मिक्सर मशीन पलटने से श्रमिक की मौत

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार:** गौरा चौकी क्षेत्र में गुरुवार सुबह ओवरस्पीड के कारण हुए हादसे में एक दिहाड़ी मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।


पलटी मिक्सर मशीन।

अल्लीपुर बाजार से शटरिंग मिक्सर मशीन पर सवार होकर मजदूर गौरा चौकी के चंद्रदीप रोड की ओर जा रहे थे। नबीनगर मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर के कारण मिक्सर मशीन का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। हादसे में दिहाड़ी मजदूर बृजलाल उर्फ नीने (45) निवासी ग्राम नरहरपुर मजरा गोविनापुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिनेश उर्फ नूरे (38) निवासी ग्राम अल्लीपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# रामपुर में साथी की हत्या से वकीलों में उबाल

- न्यायिक कार्य से विरत रहकर किया विरोध प्रदर्शन

गोंडा, कार्यालय


मनकापुर में उपजिलाधिकारी को मांगों का ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामपुर जिले में अधिवक्ता फारूख अहमद खां की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में जनपद के अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। मुख्यालय के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन किया।

बार एसोसिएशन व सिविल बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश में तत्काल अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम (एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट) लागू किए जाने की मांग की गई। साथ ही रामपुर की घटना में शामिल दोषियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई, मृतक अधिवक्ता के परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई गई।प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी व सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी ने किया। संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री संजय कुमार सिंह व सिविल बार के महामंत्री गौरी शंकर चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष दीनानाथ त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### मनकापुर में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** अधिवक्ताओं पर बढ़ रहे हमलों व हत्या की घटनाओं के विरोध में बार एसोसिएशन अध्यक्ष भानु प्रताप मिश्र व महामंत्री लाल चंद शुक्ल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अवनीश त्रिपाठी को सौंपा। पदाधिकारियों ने रामपुर में अधिवक्ता फारूख अहमद खां की हत्या पर आक्रोश जताया। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि रामपुर की घटना ने अधिवक्ताओं को झकझोर कर रख दिया है। बार एसोसिएशन ने तीन मांगें रखीं। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। रामपुर हत्याकांड के अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। मृत अधिवक्ता के परिजनों को कम से कम 50 लाख की सहायता प्रदान की जाए। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष जेपी तिवारी, श्रवण शुक्ला, शैलेन्द्र उपाध्याय, नदीम जाफरी, गोमती पाठक आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कमरे में मिला रिटायर लेखपाल के पुत्र का शव

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** सेवानिवृत्त लेखपाल के बेटे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नगर कोतवाली अंतर्गत गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित पोर्टरगंज कस्बे रहने वाले सेवानिवृत्त लेखपाल सांवली मोहन चौबे के 23 वर्षीय बेटे अनमोल चौबे का का शव घर के कमरे में पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में ले लिया है। बताया जाता है कि युवक घर में अकेला रहता था।

उसके माता-पिता झगड़ा होने के चलते अपनी बेटी के घर रहते थे। बेटी का घर भी थोड़ी दूर पर ही है। आसपास के लोगों के मुताबिक युवक नशेड़ी प्रवृत्ति का भी था जो आए दिन घर में झगड़ा-लड़ाई करता था। कई दिन हाल-चाल ना मिलने के बाद पिता अनमोल से मिलने आए तो वह मृत अवस्था में घर में पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों के मुताबिक शव से दुर्गंध आ रहा था, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मौत कई दिन पहले हो चुकी थी।

मृत युवक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था उसके आठ बहनें थी, लेकिन वह नशे का आदी था जिसके चलते अक्सर परिवार में झगड़ा होता रहता था। झगड़े की वजह से उसके पिता अपनी बेटी के साथ रहते थे। फिलहाल घटना से मोहल्ले का गमगीन माहौल है। इस संबंध में नगर कोतवाल विंध्याचल मणि त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति कुछ साफ होगी।

### मुंडेरवा के दीपक बने गुरु काशी विवि में प्रोफेसर


दीपक सिंह।

**करनैलगंज, अमृत विचार :** ग्रामसभा मुंडेरवा निवासी दीपक सिंह का चयन गुरु काशी विश्वविद्यालय, बठिंडा (पंजाब) में प्रोफेसर पद पर हुआ है। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी है। दीपक सिंह ने असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा उत्तीर्ण की है। वर्तमान में वह पीएचडी में अध्ययनरत हैं और पटना के एक महाविद्यालय में शिक्षक हैं। उन्होंने हाईस्कूल और इंटर की शिक्षा करनैलगंज से प्राप्त की। दीपक के पिता अर्जुन सिंह विभिन्न पेंट कंपनियों में केमिस्ट के पद पर कार्यरत रहे हैं। उनकी उपलब्धि पर वीके श्रीवास्तव, गजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, रवि प्रताप सिंह सहित महाविद्यालय के स्टाफ ने खुशी जताई। वहीं के.डी. सिंह एडवोकेट, दिनेश कुमार सिंह, अरविंद सिंह एडवोकेट, जिपं सदस्य विवेक सिंह, अश्वनी सिंह सहित अन्य लोगों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मानववाद के प्रणेता थे पं. दीनदयाल: शंकर लोधी


पंडित दीन दयाल के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री शंकर लोधी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रदेश मंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पंडित जी के विचारों को आत्मसात कर संगठन को और सशक्त बनाने में योगदान दें। इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, इकबाल बहादुर तिवारी, केके श्रीवास्तव, अरुण शुक्ला, राजा बाबू गुप्ता, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, आशीष त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष संदीप पांडे, अनुपम प्रकाश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष अंजू खरवार, अनुसूचित मोर्चा के नंदकिशोर 'नंदू', किसान मोर्चा के विद्या भूषण त्रिवेदी, विवेक मणि श्रीवास्तव, आनंद पांडे, विष्णु पांडे आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने की जर्जर सड़क के निर्माण की मांग


एसडीएम को ज्ञापन देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** मसकनवा बाजार से चांदनी चौक होते हुए अयोध्या धाम को जाने वाली जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने एसडीएम अवनीश त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मसकनवा चौराहे से लेकर चांदनी चौक बाजार होते हुए बस्ती की सीमा तक सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो जाने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है तथा कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि सड़क का निर्माण प्राथमिकता से कराया जाए। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिन के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो वे धरना-प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस मौके पर जगदीश पटेल, महेश वर्मा, जमुना प्रसाद, रंजन वर्मा, कमलेश कुमार सहित अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### एसीएल को डायमंड, प्रदेश में गोल्ड अवॉर्ड


सम्मान प्राप्त करते एसीएल एकेडमी के अजीत प्रताप दीक्षित। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्था एसीएल एकेडमी ऑफ कंप्यूटर लर्निंग ने लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड्स-2025 में इतिहास रच दिया है। एसीएल को राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल ग्लोबल डायमंड अवार्ड और प्रदेश में सर्वोच्च स्थान के लिए स्टेट गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। बुधवार को नई दिल्ली स्थित स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी राजेश गोयल आईएएस, कोटा यूनिवर्सिटी की निदेशक प्रो. डॉ. अनुकृति शर्मा और आरजीसीएसएम के चेयरमैन डॉ. केपी सिंह ने संयुक्त रूप से यह सम्मान संस्थान के निदेशक अजीत प्रताप दीक्षित को प्रदान किया। गुरुवार को जब निदेशक अवॉर्ड लेकर करनैलगंज पहुंचे तो उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं ने अभिनंदन किया। संस्था की इस उपलब्धि पर संस्था से जुड़े प्रशिक्षुओं में खुशी की लहर है। एसीएल की इस सफलता पर आदर्श शिक्षक रवि प्रताप सिंह, वरिष्ठ प्रशिक्षक रमेश पाण्डेय, बलदेव पाण्डेय, शहजादी कुरैशी, नर्गिस बानो, प्रदीप मौर्य, सौरभ गुप्ता, विष्णु शुक्ला, रमन तिवारी, अजय मौर्य, लक्ष्मी कश्यप, सुरभि सिंह सहित पूरी टीम ने इसे सामूहिक मेहनत का परिणाम बताया।

### राजा परीक्षित की कथा संग भागवत कथा का विश्राम


कथा सुनाते व्यास। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** सिरसा कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन बुधवार की सायं हुआ। अंतिम दिन कथावाचक पंडित अवधेन्द्र प्रपन्नाचार्य ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष की प्रेरक कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए कथा को विश्राम दिया। कथावाचक ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए मित्रता, त्याग और निष्काम भक्ति का संदेश दिया। वहीं, राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा के माध्यम से भागवत श्रवण की महिमा और जीवन के अंतिम क्षणों में ईश्वर स्मरण के महत्व को समझाया। कथा के समापन अवसर पर प्रधानाचार्य पुनीत श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी अंशिका श्रीवास्तव के साथ व्यास पीठ का पूजन किया। आरती के समय पूरा पंडाल जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पीयूष श्रीवास्तव, आचार्य ऋषभदेव, शैलेश शास्त्री, शशिभूषण, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, श्याम कृष्ण त्रिपाठी, कुंवर बहादुर सिंह, संतोष श्रीवास्तव, अभिषेक, आशू तिवारी, मोनू सेठी, मुन्ना पांडेय, वीरेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### आयुष मेडिकल कॉलेज को बजट स्वीकृति की मांग

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद में योग के प्रवर्तक महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली पर प्रस्तावित आयुष मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर एक बार फिर मांग तेज हो गई है। वर्ष 2026-27 के बजट में कॉलेज की स्थापना के लिए कोई वित्तीय व्यवस्था नहीं की गई है, जबकि इसके लिए पूर्व में स्वीकृति मिल चुकी है। स्थानीय प्रशासन स्तर से कॉलेज स्थापना का प्रस्ताव काफी पहले शासन को भेजा जा चुका है। महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली पर भूमि चिन्हित कर उसका आवंटन भी कर दिया गया है। इसके बावजूद बजट में प्रावधान न होने से परियोजना आगे नहीं बढ़ पा रही है। परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरुण सिंह का कहना है कि आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए यह संस्थान मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही स्थानीय युवाओं को चिकित्सा शिक्षा का अवसर और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। उन्होंने शासन से मांग की कि प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर आगामी बजट में आयुष मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए।

# लापरवाही पर लेखा सहायक व कंप्यूटर ऑपरेटर की संविदा समाप्ति के निर्देश

## डीएम ने सदर ब्लॉक का किया निरीक्षण, अभिलेखों को अपडेट रखने का निर्देश

**सख्त तेवर**

संवाददाता, बलरामपुर



सदर विकासखंड का निरीक्षण करते डीएम और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास खंड बलरामपुर सदर के औचक निरीक्षण के दौरान मनरेगा कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने मनरेगा के लेखा सहायक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर की संविदा समाप्त कर नए कर्मियों की नियुक्ति के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में शिथिलता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने विभिन्न पटलों के अभिलेखों, रजिस्टरों एवं संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। सभी अभिलेख नियमित रूप से अद्यतन रखने तथा पुरानी व निष्प्रयोज पत्रावलियों को समयबद्ध बीड आउट कर कार्यालय व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। पेंशन के ऑनलाइन आवेदनों की समीक्षा करते हुए पात्रों को समयसीमा में लाभान्वित करने को कहा। आधार केंद्र का निरीक्षण कर सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कन्वर्जेंस से निर्मित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने ग्राम सचिवों को निर्माण कार्य तय समय में पूर्ण कराने को कहा। परिवार रजिस्टर अद्यतन करने, प्रत्येक परिवार को नकल उपलब्ध कराने तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में शून्य लंबित सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण में सीडीओ हिमांशु गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों का पालन करने से ही रुकेंगे हादसे



मुजीबुल हसन खान।



उस्मान उतरौलवी।



देवता प्रसाद तिवारी।



एजाज मलिक।

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** उतरौला क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर शिक्षाविदों, साहित्यकारों और समाजसेवियों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। प्रबुद्धजनों का कहना है कि यातायात नियमों की अनदेखी और लापरवाही हादसों का मुख्य कारण बनती जा रही है, जिसे रोकने के लिए जनजागरूकता और सख्ती दोनों जरूरी हैं।

प्रिंसिपल मुजीबुल हसन खान ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के नियमों की जानकारी और उनका पालन हर नागरिक के लिए अनिवार्य है। बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट वाहन चलाना अपनी जान को खतरे में डालना है। प्रसिद्ध शायर उस्मान उतरौलबी ने कहा कि सड़क पर की गई छोटी सी लापरवाही पूरे परिवार को जीवनभर का दर्द दे सकती है। वरिष्ठ शिक्षक देवता प्रसाद तिवारी ने अभिभावकों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को वाहन देना गंभीर अपराध है। बच्चों को बचपन से ही यातायात नियमों और अनुशासन की शिक्षा देना समय की मांग है। समाजसेवक एजाज़ मलिक ने कहा कि भारी वाहनों की तेज रफ्तार और गलत ओवरटेकिंग से हादसे बढ़ रहे हैं। प्रशासन को ऐसे चालकों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। प्रबुद्धजनों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा अभियानो को फिर से प्रभावी बनाने और आमजन से नियमों का पालन करने की अपील की है।

## स्टार वर्ड्स स्कूल में बही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बयार



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे। ● अमृत विचार

**तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार :** स्टार वर्ड्स पब्लिक स्कूल में शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी राकेश कुमार जयंत एवं चीनी मिल महाप्रबंधक आरएस प्रसाद ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। विशिष्ट अतिथियों में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की, पालिका चेयरमैन धीरेंद्र सिंह धीरू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज तथा चीनी मिल प्रशासनिक प्रबंधक आशीष प्रताप सिंह मौजूद रहे। अतिथियों ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 के टॉप टेन विद्यार्थियों के अभिभावकों को सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गणेश वंदना, गुरु वंदना व सरस्वती वंदना से हुई। देर रात तक चले 25 कार्यक्रमों में करीब 200 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। उप जिलाधिकारी राकेश कुमार जयंत ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय निदेशक शिवम सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि प्रबंधक विनोद सिंह कलहंस व प्रधानाचार्य प्रभा सिंह ने आभार जताया। संचालन हेड ब्वॉय अभय कुमार पांडेय एवं हेड गर्ल सानिया सहजाद अली ने किया।

## 32 विद्यार्थियों की हुई दस्तारबंदी



कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** अल जामियातुल गौसिया अरबी कॉलेज के प्रांगण में बुधवार रात तजल्लियाते शाह–ए–जीलां कॉन्फ्रेंस एवं वार्षिक जलसे का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संस्थान के प्रबंधक अयाज मुस्तफा खान ने की। इस अवसर पर हाफिज, कारी, आलिम, फाजिल एवं मुफ्ती सहित कुल 32 विद्यार्थियों की दस्तारबंदी कर उन्हें अमामा, जुब्बा व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जलसे की शुरुआत हाफिज मोहम्मद फरहान की तिलावत–ए–कुरआन से हुई। मुख्य वक्ता मुरादाबाद से पधारे मुफ्ती हम्माद रज़ा ने कहा कि दीनी तालीम समाज को सही दिशा देने की शक्ति रखती है। उन्होंने धार्मिक शिक्षा के साथ आधुनिक व व्यावहारिक शिक्षा को भी जरूरी बताते हुए युवाओं को समय का सदुपयोग करने की सलाह दी। रामपुर से आए मौलाना तबरेज आलम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कोलकाता के सैयद हैदर अली, बहराइच के जिया यजदानी व बलरामपुर के रहीम रज़ा ने नात पेश की। संचालन मौलाना मोइन अख्तर ने किया। अंत में दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ।

# टीबी की जांच को लगाए जाएंगे 100 विशेष शिविर

- हर विकास खंड में लगाये जाएंगे 10-10 शिविर
- आमजन तक पहुंचायी जाएगी शिविरों की जानकारी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में टीबी (क्षय रोग) एवं कैंसर की समय रहते पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फरवरी माह में 100 विशेष स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए जाएंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर तैयार कार्ययोजना के तहत प्रत्येक विकास खंड में 10-10 कैंप लगाए जाएंगे।

इसको लेकर सीएमओ कार्यालय में डॉ. रस्तोगी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें कैंपों की तिथियों, टीम गठन तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर चर्चा की गई। सीएमओ ने निर्देश दिए कि कैंपों में अधिक से अधिक लोगों की जांच की जाए, खासकर टीबी व कैंसर के संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान जिन लोगों में संदिग्ध लक्षण पाए जाएंगे, उन्हें पुष्टि जांच के लिए उच्च चिकित्सा इकाइयों को रेफर किया जाएगा और उनका समयबद्ध उपचार सुनिश्चित कराया जाएगा। सीएमओ ने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि आशा व अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से कैंपों की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो सकें। बैठक में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खो-खो में रूबी व रईस की टीम अव्वल

- एमएलके पीजी कॉलेज में प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता, बलरामपुर





खो – खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज के क्रीड़ा विभाग द्वारा महाविद्यालय परिसर में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राजनीति शास्त्र विभाग के सामने बालक एवं बालिका वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें दोनों वर्गों के प्रथम चरण के मुकाबले सफलतापूर्वक संपन्न हुए। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, उत्कृष्ट खेल कौशल और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का परिचय दिया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के द्वितीय चरण एवं फाइनल मुकाबले बुधवार को आयोजित किए जाएंगे।

इसी क्रम में महाविद्यालय के हॉकी फील्ड पर बालक एवं बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग में टीम रूबी शेख ने प्रथम स्थान, टीम कृतिका ने द्वितीय तथा टीम दिव्यांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं बालक वर्ग में टीम रईस प्रथम, टीम गणेश द्वितीय एवं टीम चौधरी तृतीय स्थान पर रही। खिलाड़ियों के उत्साहपूर्ण प्रदर्शन ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

बैडमिंटन प्रतियोगिता डॉ. दिनेश कुमार मौर्य, डॉ. प्रखर त्रिपाठी, डॉ. शिव महेंद्र सिंह एवं कृतिका तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। खो-खो प्रतियोगिता डॉ. राम रहीस, डॉ. श्री नारायण सिंह, डॉ. भानु प्रताप सिंह, डॉ. अमित कुमार वर्मा व डॉ. अभिषेक कुशवाहा की देखरेख में आयोजित की गई। इस अवसर पर आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. श्री प्रकाश मिश्रा सहित अनेक प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने आयोजन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# रोजगार सेवकों को मिले राज्यकर्मी का दर्जा

**सौंपा ज्ञापन**

- सीआईटीयू से संबद्ध संगठनों ने किया प्रदर्शन

मसकनवा, गोंडा





ब्लाक पर ज्ञापन सौंपते विभिन्न संगठनों के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्रमिक, किसान संगठनों के आह्वान पर अखिल भारतीय हड़ताल के समर्थन में सीआईटीयू से संबद्ध संगठन आशा कर्मचारी यूनियन व उप्र खेत मजदूर यूनियन के सदस्यों ने गुरुवार को छपिया ब्लाक मुख्यालय पर प्रदर्शन कर 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा।

राष्ट्रपति को संबोधित मांगपत्र में चारों श्रम संहिताओं को वापस लिए जाने, बिजली संशोधन अधिनियम 2025 को रद्द किए जाने, मनरेगा को बहाल कर मजदूरों को 600 रुपए प्रतिदिन मजदूरी तथा साल में 200 दिन का काम दिए जाने, आशा, आंगनबाड़ी, रसोइया, पंचायत मित्र, रोजगार सेवकों को पूर्णकालिक राज्य कर्मचारी का दर्जा देकर स्थाई किए जाने, प्रतिमाह 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतनमान, फंड, बीमा और न्यूनतम पेंशन दस हजार रुपए दिए जाने, बीज संशोधन अधिनियम 2025 को रद्द किए जाने, सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण बंद करने, सबके लिए पूर्ण कालिक रोजगार की व्यवस्था व पुरानी पेंशन बहाल किए जाने, सार्वजनिक क्षेत्रों में रिक्त 60 लाख पदों को तत्काल भरे जानें सहित अन्य मांगे शामिल हैं।

इस मौके पर आशा कर्मचारी यूनियन के मंडल संयोजक श्यामबरन पांडेय, उप्र खेत मजदूर यूनियन जिला संयोजक केपी प्रसाद, मोहर्रम अली, गुड़िया, पूनम, मीरा देवी, रघुनाथ, कंचन मिश्रा, उस्मान, रोली, ओम प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# बोरे की कमी होगी दूर, पहुंची खेप

**गोंडा, अमृत विचार :** धान खरीद पिछले दिनों से बोरे की कमी के कारण प्रभावित हो रहा था। कई क्रय केंद्रों पर पर्याप्त बोरे उपलब्ध न होने से खरीद की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। इस समस्या के समाधान गुरुवार को हो गया। सुभागपुर मालगोदाम पर कोलकाता से बोरे की बड़ी खेप रेलवे रैक के माध्यम से पहुंची। जानकारी के अनुसार आई खेप में 4000 से अधिक गांठें शामिल हैं। इनमें से 1200 से अधिक गांठें जिले को आवंटित की गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि आवंटित गांठों को प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न क्रय केंद्रों तक भेजा जाएगा। इसके लिए परिवहन व्यवस्था भी सक्रिय कर दी गई है, ताकि जल्द से जल्द केंद्रों पर बोरे उपलब्ध कराए जा सकें। बताया जाता है कि पिछले सप्ताह से कई केंद्रों पर बोरे खत्म होने की स्थिति बन गई थी। केंद्र प्रभारियों ने इसकी सूचना जिला विपणन अधिकारी व संबंधित एजेंसियों को दी थी।



दिवंगत शिक्षक के घर पहुंचा शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

## शिक्षक के परिजनों को संगठन देगा 50 लाख की मदद

**गोंडा, अमृत विचार :** टीचर्स सेल्फ केयर टीम संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद के निर्देश पर जिला संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल दिवंगत शिक्षक के घर पहुंचा और आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। गत वर्ष 25 फरवरी 2025 को दुर्घटना में ब्लॉक मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय जोगापुर में कार्यरत शिक्षक सत्यदेव वर्मा की मौत हो गई थी। दिवंगत शिक्षक की पत्नी मंजू वर्मा ने बताया कि उनकी दो बेटियां किरन और रोशनी तथा अभिषेक एवं प्रभात दो बेटे हैं। टीचर सेल्फ केयर टीम से अब तक लगभग 4 लाख सदस्य जुड़ चुके हैं जिनके द्वारा अब तक 476 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को लगभग 207 करोड़, 46 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। 15 फरवरी को स्व. सत्यदेव वर्मा के परिवार को 50 लाख का आर्थिक सहयोग किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष एवं संयोजक रणजीत सिंह, डॉ. अजय पाठक, जिला सचिव डॉ. विष्णु शंकर तिवारी, जगदम्बा प्रसाद चौरसिया, अरविंद मौर्य, रमापति पांडेय, अनिल कुमार चौरसिया, रविन्द्र कुमार वर्मा, दिनेश कुमार, हरीश चन्द्र वर्मा, राकेश यादव, सूर्य भान राम, रजनीश सिंह, शुभम वर्मा, जितेश नन्द यादव आदि शामिल रहे।

## आग से तीन परिवारों की गृहस्थी का सामान जला

**जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना कोतवाली जरवा क्षेत्र के बघेलखंड चौकी अंतर्गत ग्राम त्रिलोकपुर विश्रामपुर में मंगलवार देर रात करीब 12 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की चपेट में आने से तीन परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। घटना से गांव में अफरा–तफरी मच गई। ग्रामीणों की तत्परता और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग की घटना में रामसूरत पुत्र रामधनी के घर में रखा लगभग पांच कुंतल गल्ला, अनाज, चारा मशीन, कपड़े व घरेलू बर्तन जलकर नष्ट हो गए। वहीं नान बच्चा पुत्र रामधनी की चारा काटने वाली मशीन व पानी की मशीन का पाइप जल गया। विष्णु प्रसाद पुत्र नान बच्चा की लकड़ी भी आग की भेंट चढ़ गई। सूचना पर ग्राम प्रधान मनोज कुमार, पुलिस व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। हल्का लेखपाल विनय कुमार ने क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही। प्रशासन ने पीड़ितों को सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## 25.89 करोड़ का गन्ना मूल्य का किया गया भुगतान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बलरामपुर चीनी मिल लि. ने पेराई सत्र 2025–26 में खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया है। मिल प्रशासन के अनुसार 31 जनवरी 2026 से 4 फरवरी 2026 तक (पांच दिन) खरीदे गए गन्ने का कुल 2589 .41 लाख रुपये का भुगतान 12 फरवरी 2026 को सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दिया गया। मिल के अधिशासी अध्यक्ष केके बाजपेयी ने बताया कि मिल किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और गन्ना मूल्य भुगतान में इस वर्ष भी प्रदेश में अग्रणी रहने का प्रयास करेगी। किसानों से साफ–सुथरा, जड़–पत्ती रहित व ताजा गन्ना आपूर्ति करने की अपील की गई है। साथ ही को–15023, को–0118 व को–14201 प्रजाति की उन्नत किस्में अपनाने की सलाह दी गई है, जिससे कम लागत में बेहतर उत्पादन मिल सके।

## छूटे बच्चों को आज खिलाई जाएगी दवा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का मॉप–अप राउंड आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि 10 फरवरी को चले अभियान के दौरान जो बच्चे एलबेंडाजोल की दवा लेने से वंचित रह गए थे, उन्हें मॉप–अप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोर–किशोरियों को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए एलबेंडाजोल दी जाती है। यह दवा पेट के कीड़ों से होने वाले संक्रमण, एनीमिया व कुपोषण को कम करने में सहायक है। सीएमओ ने अभिभावकों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आशा बहनों से अपील की है कि कोई भी पात्र बच्चा दवा से वंचित न रहे। विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर दवा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए जनसहभागिता जरूरी है।

## अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान महिला बेहोश

**महदेईया बाजार, बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुर महंत के मजरा बिचौवापुर में गुरुवार को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने चकमार्ग पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई गांव निवासी जयराम की शिकायत पर की गई। राजस्व अधिकारियों के अनुसार कंधईलाल द्वारा चकमार्ग पर किए गए कब्जे को चिन्हित कर हटाया गया। शिकायतकर्ता द्वारा किए गए अतिक्रमण को भी मौके पर हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान कब्जाधारी पक्ष की महिला शांति देवी अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं, जिससे कुछ देर अफरा–तफरी मच गई। परिजनों ने उन्हें संभाला। होश में आने पर उन्होंने प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया। लेखपाल अमरेश कुमार ने बताया कि चकमार्ग सार्वजनिक श्रेणी का मार्ग है, जिस पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नियमविरुद्ध है। निजी भूमि पर निर्माण पर कार्रवाई का प्रावधान नहीं है, किंतु चकमार्ग से कब्जा हटाना अनिवार्य है। मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## करनैलगंज में वैन चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कादीपुर औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार की रात मारुति वैन चोरी हो गई। यहां के निवासी चांद मोहम्मद खान की मारुति वैन उनकी डेंट–पेंट की दुकान के सामने खड़ी थी, जिसे अज्ञात चोर रात के अंधेरे में चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार रोज की तरह उन्होंने बुधवार शाम दुकान बंद की और वाहन वहीं खड़ा कर घर चले गए थे। गुरुवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो वैन मौके से गायब मिली। आसपास के दुकानदारों और राहगीरों से पूछताछ करने के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली करनैलगंज पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर दी। उनका कहना है कि यह वाहन उनकी रोजमर्रा की जरूरतों के साथ–साथ व्यवसाय के लिए भी बेहद जरूरी था। चोरी हो जाने से उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ–साथ कामकाज में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि तहरीर मिली है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। संदिग्धों की पहचान कर जल्द ही वाहन बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

**प्रक्रिया** — विकास भवन स्थित कार्यालय में काउंसिलिंग के लिए उमड़ी महिलाओं की भीड़

# सहायिका चयन को अभ्यर्थियों ने जमा किये अभिलेख



अभिलेख जमा करने के लिए जुटी महिला अभ्यर्थियों की भीड़। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार:** आंगनबाड़ी सहायिका के 725 पदों पर चयन के लिए महिला अभ्यर्थियों ने गुरुवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय पहुंचकर अपने अभिलेख जमा किये। इस दौरान कार्यालय के बाहर महिलाओं की भारी भीड़ रही। बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के अभिलेख जमा करने में महिलाओं को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कई महिलाओं ने कार्यालय के कर्मियों पर भेदभाव का आरोप भी लगाया।

जिले 725 आंगनबाड़ी केंद्रों पर सहायिका का चयन किया जाना है। इसके लिए बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। मेरिट के आधार पर इनका चयन होना है। बृहस्पतिवार को आवेदन करने वाली महिला अभ्यर्थियों को उनके शैक्षिक अभिलेख जमा करने के लिए बुलाया गया था। गुरुवार को वजीरगंज, मनकापुर व नवाबगंज ब्लाक की महिलाएं अपने अभिलेखों को जमा करने विकास भवन स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय पहुंची थीं।

यहां अभिलेख जमा करने के लिए महिलाओं को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कार्यालय के बाहर पूरे दिन महिलाओं की भीड़ जुटी रही। बुलाए गए अभ्यर्थियों के सापेक्ष पर्याप्त काउंटर की व्यवस्था न होने के कारण घंटों तक महिलाओं को अभिलेख जमा करने के लिए इंतजार करना पड़ा।

कई महिलाओं ने आरोप लगाया कि अभिलेख जमा करा रहे कर्मचारी अपने चहेतों को वरीयता दे रहे हैं और अन्य अभ्यर्थियों के साथ भेदभाव कर रहे हैं।

हालांकि जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार ने इस आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि अभिलेख जमा करने के लिए तीन काउंटर बनाए गए हैं। सभी काउंटरों पर नियम के मुताबिक अभिलेख जमा कराए जा रहे हैं।

# बाइक टच होने पर कांवड़ियों ने पीटा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** महंगूपुर के पास गुरुवार शाम एक बाइक सवार युवक और कांवड़ियों के जत्थे के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि बाइक का हल्का स्पर्श एक कांवड़िये से होने पर युवक के साथ मारपीट कर दी।

डीह निवासी सुभाष वर्मा बाइक से घर लौट रहे थे। महंगूपुर के पास हाईवे पर पैदल जा रहे कांवड़ियों के जत्थे के बीच से गुजरते समय उनकी बाइक का हल्का स्पर्श एक कांवड़िये से हो गया। इस पर जत्थे में शामिल कुछ लोगों ने युवक को घेर लिया और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बताया जा रहा कि युवक किसी तरह मौके से जान बचाकर भाग निकला, जबकि आक्रोशित लोगों ने उसकी बाइक में तोड़फोड़ कर दी। घटना के दौरान कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम जैसी स्थिति भी बन गई।

**न्यूज ब्रीफ**

### डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में गुरुवार को डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने जनता दर्शन में फरियादियों की समस्या सुना। साथ ही उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान डीएम को नौ शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी। इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए डीएम ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर अब अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। इसलिए अधिकारी सभी कार्य दिवसों में स्वयं जनसुनवाई करें।

### हादसे में साइकिल सवार वृद्ध घायल

**इकौना, श्रावस्ती :** इकौना थाना क्षेत्र बौद्ध परिपथ पर बुधवार देर शाम इकौना बायपास स्थित पेट्रोल पम्प के पास बाइक ने साइकिल को टक्कर मार दी। घटना में साइकिल सवार होलाई पुरवा निवासी निजामुद्दीन (70) पुत्र लाल मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उनको सीएचसी इकौना लाया गया, जहाँ उसका इलाज जारी है। घटना के बाद बाइक सवार भागने में सफल रहा।

### चोरी की योजना बनाने वाले पर जुर्माना

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** गिलौला पुलिस ने 22 वर्ष पूर्व खुरथुमा निवासी बच्चाराम पुत्र बालकराम को चोरी की नियत से योजना बनाते हुए पकड़ा था। मामले में अपना फैसला सुनते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोषी को जेल में बिताये अवधि का कारावास व 500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# पुलिस मुठभेड़ के बाद तीन शातिर गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

## इकौना क्षेत्र में हुई चोरी का खुलासा, एसओजी/सर्विलांस व पुलिस ने की गिरफ्तारी


मुठभेड़ के बाद पुलिस की गिरफ्त में शातिर। अमृत विचार

**शिकंजा**

संवाददाता श्रावस्ती

**अमृत विचार:** इकौना पुलिस व एसओजी टीम की बुधवार रात चोरों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक चोर के पैर में गोली लगी। मुठभेड़ के बात पुलिस टीम ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से पुलिस ने चोरी का सामान, घटना में प्रयुक्त उपकरण, एक बाइक सहित तमंचा व कारतूस बरामद किया ही।

एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि इकौना के निरीक्षक अपराध परमानन्द तिवारी बुधवार मध्य रात्रि थाना क्षेत्र में सदिंग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन की जांच कर रहे थे। इस दौरान मोहनीपुर चौराहे से कैलाशपुर जाने वाले मार्ग के मोड़ पर बिना नम्बर प्लेट एक बाइक पर तीन सवार आते दिखे। उन्हें रोकने पर एक स्वर ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जवाबी कार्यवाही मे बाइक सवार रामप्रकाश उर्फ प्रकाश पासी घायल हो गया। उसे सीएचसी इकौना ले जाया गया। इस दौरान घेराबंदी कर टीम ने दो अन्य स्वर राजू सिंह व रामचन्दर को भी गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से एक तमन्चा 315 बोर, कारतूस, एक बिना नम्बर प्लेट की प्लसर मोटर साइकिल व चोरी की घटना में प्रयुक्त उपकरण (एक पेंचकस, एक सब्बल, एक आरी ब्लेड, एक कटर) व चोरी किए गए सोने व चांदी के जेवर, 25000 रुपये नगदी बरामद हुई। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वह बीते कई दिनों से रात्रि के समय लगातार विभिन्न गांवों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार तीनों आरोपी सीतापुर जिले के थाना थानगांव के ग्वारी निवासी है। रामप्रकाश उर्फ प्रकाश पासी पुत्र शत्रोहन लाल उर्फ शत्रोहन पर इकौना सहित सीतापुर के विभिन्न थानों में 23 आपराधिक मामले दर्ज है। वहीं राजू सिंह पुत्र बचान सिह पर सात तथा रामचन्दर पासी पुत्र शंकर पर छह आपराधिक मामले पहले से दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी एसओजी टीम निरीक्षक दीपक कुमार दुबे, निरीक्षक अपराध परमानन्द तिवारी टीम के साथ शामिल रहे।



बरामद बाइकों और आरोपियों के साथ पुलिस। अमृत विचार

### तीन वाहन चोर गिरफ्तार, दस बाइक बरामद

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के भारत नेपाल सीमा पर पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की दस बाईकें बरामद हुई है। ये लोग भारतीय क्षेत्र से वाहनों को चोरी कर उन्हें नेपाल ले जाकर बेच देते थे। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश रावत ने बताया कि उप निरीक्षक दीनानाथ भास्कर राहुल सरोज व आरक्षी अभिषेक राय, रविंद्र यादव के साथ पचपकड़ी तिराहा से कुछ दूरी पर वाहनों व संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक आते दिखे टीम ने उन्हें रोक जब वाहन के कागजात मांगे तो वो कोई प्रपत्र नहीं दिखा सके। जिसके बाद पूछताछ करने पर सभी ने चोरी की बाइक होने की बात कही। जिसके बाद सभी को हिरासत में लेकर उनसे गहन पूछताछ की इस दौरान उन्होंने सीमा से लगे चकिया जंगल में चोरी के अन्य वाहनों को छुपाकर रखने की बात बताई। पुलिस टीम ने छापेमारी कर मौके से चोरी की नौ अन्य बाइकों को भी बरामद कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पकड़े गए युवकों की पहचान शाहरूप खान, अरमान खान व नफीस खान निवासी जिला बांके नेपाल के रूप में हुई है। ये लोग लखनऊ, लखीमपुर समेत जिले के अन्य इलाकों से वाहनों को चोरी कर उसे सीमा पार कर बेच देते थे। सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

## मारपीट में पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

**जमुनहा, श्रावस्ती:** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के भाटन देवरा गांव निवासी शबनम ने मारपीट मामले में गिरंट पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। महिला का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हुआ था। जिसके बाद दबंग उसके घर में घूसकर मारपीट की और उसके साथ ही घर की अन्य महिलाओं को घायल कर दिया। महिला का आरोप है कि उसने गिरंट थाने में तहरीर दिया लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। महिला का आरोप है कि दबंग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।


शाश्वत फाउंडेशन की ओर से रहनुमा, रिमी व आस्था को किया गया सम्मानित।

### केडीसी की तीन मेधावी छात्राओं को मिला सम्मान

**बहराइच, अमृत विचार :** सरकार के महिला सशक्तीकरण के संकल्प को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शाश्वत फ़ाउंडेशन, अहमदाबाद ने स्वायत्तशासी संस्था किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय की तीन छात्राओं को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में लाइफ़ साइंस में यूजीसी की सीएसआईआर जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली रहनुमा खान व रिमी सिंह और राजनीतिशास्त्र में यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली आस्था यज्ञसैनी शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ विनय सक्सेना थे। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ सत्यभूषण सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ आनन्द श्रीवास्तव, डॉ अंजनी कुमार शुक्ल,आकांक्षा रस्तोगी,धर्मवीर सिंह,अदिति जायसवाल व बद्रीनाथ यज्ञसैनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# जरवल में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान तेज

संवाददाता बहराइच

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जरवल ब्लॉक में सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है। सीएमओ के निर्देशन में आशा, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कर्मी घर-घर पहुंचकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिला रहे हैं। अभियान के लिए 510 स्वास्थ्य टीमें गठित की गई हैं जो अपने सामने 2.88 लाख से अधिक लोगों को दवा खिलाना सुनिश्चित करेंगी। इसके लिए 43 सुपरवाइजर भी लगाए गए हैं। इसी क्रम में ग्राम तपेसिपाह में आशा कार्यकर्ता गुड़िया देवी को 1200 लोगों को दवा सेवन कराने की जिम्मेदारी मिली है। दो दिन में वह 105 लोगों को दवा खिला चुकी हैं।


ग्राम तपेसिपाह में ग्रामीणों को दवा का सेवन कराती आशा कार्यकर्ता। अमृत विचार

अभियान के दौरान स्वास्थ्य टीम ने लोगों को यह भी बताया कि दवा सेवन के बाद हल्का बुखार या चक्कर आना सामान्य प्रक्रिया है जो शरीर में मौजूद फाइलेरिया के सूक्ष्म कृमियों के नष्ट होने का शुभ संकेत है। दरअसल असली खतरा दवा न लेना है क्योंकि एक संक्रमित व्यक्ति पूरे गांव को जोखिम में डाल सकता है। किसी भी समस्या के लिए उनसे संपर्क किया जा सकता है इसके लिए चिकित्सीय टीम भी मौजूद है। ग्राम तपेसिपाह में पहले से तीन फाइलेरिया मरीज चिन्हित हैं। इसे देखते हुए ग्रामीणों में जागरुकता बढ़ रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश का कहना है कि समय पर सामूहिक दवा सेवन से संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है।


पशुपालकों को जानकारी देते डॉक्टर विकास पांडेय। अमृत विचार

### समय से करवाएं पशुओं का टीकाकरण

**पयागपुर, बहराइच :** डॉ. विकास पाण्डेय इन दिनों बरसात में होने वाली बीमारी के बारे में लोगों को गांव-गांव जाकर के जागरूक कर रहे हैं किसानों को जानकारी दे रहे हैं कि बरसात के दिनों में गड्ढे में जो पानी भर जाता है वह सड़ने लगता है जानवर वही पानी पी करके बीमार हो जाते हैं कृपया किसान अपने जानवर को इसे बचाएं वह बरसात के दिनों में होने वाली बीमारी जैसे कि खुर पका मुंह पका गला घोंटू निमोनिया आदि बीमारी के बारे में विधिवत जानकारी दी किसानों की सूचना पर टीम के साथ चिकित्सक सूचना पर उपचार करने पहुंच जाते हैं वह सुबह शाम अपने पशुओं को नहलाएं अपने पशुओं को साफ सुथरा पानी पिलाए समय-समय पर टीकाकरण करवाएं। डॉक्टर डॉ विकास पाण्डेय ने बताया कि पशुओं की स्थिति में सुधार नहीं होने पर तुरंत 1962 पर कॉल करे अपने पशुओं को खाने में अधिक से अधिक हरे चारे व संतुलित आहार खिलाएं। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# पाठ्यक्रम तक सीमित न रहे सामाजिक विषय

पयागपुर बहराइच

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पयागपुर बहराइच में सामाजिक विषय पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य आशीष कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

उद्घाटन संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि सामाजिक विषय केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहे बल्कि उसका प्रभाव विद्यालयों में बच्चों के व्यवहार, आपसी समन्वय, संवेदनशीलता एवं सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्पष्ट दिखाई देना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं गतिविधियों को विद्यालय स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करें, जिससे विद्यार्थियों में सहयोग, सहअस्तित्व, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता विकसित हो सके। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण अवधि में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। यदि कोई प्रशिक्षणार्थी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। प्रशिक्षण के नोडल प्रवक्ता रामपाल वर्मा ने प्रशिक्षण की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। संदर्भदाता के रूप में शिवकुमार चौधरी, सुरभि पांडे, विनोद सिंह एवं पंकज चतुर्वेदी द्वारा विभिन्न सत्रों में सामाजिक विषय की बारीकियों, गतिविधि आधारित शिक्षण, कक्षा प्रबंधन तथा विद्यालय में प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान डायट प्रवक्ता रमेश कुमार, गोविंद किशोर, इश्तियाक अहमद एवं आशीष कुमार सहित वरिष्ठ सहायक सलीम अहमद, वीरेंद्र कुमार सिंह, मोहम्मद रहमान एवं तालिब हुसैन आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को सामाजिक विषय के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराते हुए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शिक्षण सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।


कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षणार्थी। अमृत विचार


नवनिर्वाचित अध्यक्ष को प्रमाण-पत्र देते पदाधिकारी। अमृत विचार

### सत्यदेव मिश्र बने शपथ आयुक्त संघ के अध्यक्ष

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन श्रावस्ती के शपथ आयुक्त संघ अध्यक्ष पद पर गुरुवार हुए मतदान में सत्यदेव मिश्र विजयी घोषित किये गए। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर सहजराम यादव व आडिटर पद पर राम प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित हुए। बार एसोसिएशन के महामंत्री/चुनाव अधिकारी सतीश कुमार मौर्य ने बताया कि शपथ आयुक्त संघ के अध्यक्ष पद पर राम किशोर यादव, सत्यदेव मिश्र व मोहम्मद सलीम ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। गुरुवार को अधिवक्ता सभागार में अध्यक्ष पद हेतु मतदान हुआ, जिसमें 117 शपथ आयुक्त अधिवक्ताओं ने मतदान किया। मतगणना के दौरान राम किशोर यादव को 51 मत, सत्यदेव मिश्र को 62 व मोहम्मद सलीम को 04 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार सत्यदेव मिश्र 11 मतों से चुनाव जीत गए। विजयी प्रत्याशियों को संघ के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी व महामंत्री श्री मौर्य ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। पूर्व महामंत्री दिलीप कुमार तिवारी व अरुण कुमार मिश्र सहायक चुनाव अधिकारी की भूमिका में रहे।

# डायट में कला, क्राफ्ट और संस्कृति महोत्सव संपन्न

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) इकौना में दो दिवसीय कला, क्राफ्ट एवं संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत डायट प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक सत्येंद्र सिंह व नोडल प्रभारी ईश्वर चंद विद्या सागर ने दीप प्रज्वलन कर किया। शिक्षकों व प्रशिक्षुओं में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से इस महोत्सव का आयोजन किया गया था। महोत्सव में चित्रकला, क्राफ्ट प्रदर्शनी, वाल पेंटिंग, पपेट शो, अभिनव रंगमंच, फोटोग्राफी और लोक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। चित्रकला में अंशुरानी प्रथम, प्रियंका पटेल द्वितीय व नीतू तृतीय स्थान पर रहीं। मूर्ति कला प्रतियोगिता में पल्लवी ने प्रथम स्थान हासिल की। क्राफ्ट प्रतियोगिता में अफसाना फातिमा प्रथम, खुशनुमा सिद्दीकी द्वितीय व अनुपमा शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। फोटो ग्राफ़ी प्रतियोगिता में कर्मवीर राणा प्रथम स्थान पर रहे। संचालन ओम प्रकाश यादव ने किया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में अंजना सिंह, अंजुलता, एवं ममता विमल शामिल रहीं। इस दौरान रेनू यादव, सपना यादव, प्रियंका चौधरी, रूपम ओझा, रश्मि गुप्ता, सपना पाण्डेय, अर्चना सिंह,गरिमा ओझा, दीक्षा चौधरी, अंजली गुप्ता, शुभम पाठक, जितेंद्र कुमार, तुलसीराम, कपिल आर्य आदि मौजूद रहे।

# तूफानी चौराहा पर बैरिकेडिंग से परेशानी

जरवल रोड, बहराइच

**अमृत विचार:** लखनऊ-गोंडा मार्ग स्थित जरवल रोड के तूफानी चौराहा पर दो सप्ताह पूर्व आबादी क्षेत्र में नई सीसी सड़क का पुनरनिर्माण कराया गया था। सड़क को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ठेकेदार द्वारा बैरिकेडिंग कर जेसीबी से मिट्टी के ढेर और बड़े-बड़े पत्थर लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया था। वर्तमान में लखनऊ से गोंडा की ओर जाने वाले वाहनों को डायवर्ट कर निकाला जा रहा है, जिससे डंप की हुई की हुई मिट्टी का ढेर भारी मात्रा में धूल उड़ रही है। उड़ती धूल दुकानों और घरों में भर रही है, जिससे स्थानीय दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार प्रभावित हो रहा है और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों की आशंका भी सता रही है। स्थानीय व्यापारियों व क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण को पर्याप्त समय बीत चुका है, ऐसे में अब बैरिकेडिंग हटाकर लखनऊ से गोंडा की ओर तूफानी चौराहा मार्ग से आवागमन बहाल किया जाए। उनका कहना है कि वैकल्पिक मार्ग से निकल रहे वाहनों के कारण धूल और अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र उचित निर्णय लिया जाए।



तूफानी चौराहे पर की गयी बैरिकेडिंग जिससे लोग हो रहे परेशान। अमृत विचार

### डीएम व एसपी ने देखी परीक्षा केंद्र की व्यवस्था

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** आगामी 18 फरवरी से जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टर की परीक्षाएं शुरू होंगी। जिसको लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को डीएम व एसपी ने परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण का जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने गुरुवार को सिरसिया क्षेत्र के परीक्षा केन्द्र पंडित ब्रह्मदत्त इंटर कालेज चैलाही का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्र की व्यवस्था व सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। साथ ही परीक्षा को शांतिपूर्ण, निश्पक्ष व बिना किसी व्यवधान के सम्पन्न कराने को केन्द्र व्यवस्थापक विजय पाठक को निर्देशित किया। उन्होंने केन्द्र के सभी परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर सीसीटीवी कैमरों की जांच की। साथ ही सीसीटीवी कैमारों का संचालन कराकर स्क्रीन का अवलोकन किया। इसके साथ ही कन्ट्रोलरूम, स्ट्रांगरूम का भी जायजा लिया। सभी मूलभूत सुविधाओं की जांच की और जरूरी निर्देश दिए।

### पंपिंग सेट चोरी मामले में दोषी को सजा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** पंपिंग सेट चोरी के मामले में दोषी को न्यायालय की ओर से गुरुवार को सजा सुनाई। इकौना पुलिस ने वर्ष 2007 में इकौना के दक्षिणपुरवा निवासी जगदीश गौतम पुत्र राम सागर को पंपिंग सेट की चोरी मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस के आरोप पत्र पर न्यायालय में मामले का विचारण चल रहा था। गुरुवार को न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा सुनाई गई। 800 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

### चरस तस्कर को 14 वर्ष की कैद

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** चरस तस्करी मामले में न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई। आरोपी को दोषी करार देते हुए 14 वर्ष कठोर कारावास की सजा दी। साथ ही एक लाख 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। गिलौला पुलिस ने वर्ष 2023 में बहराइच जिले के कोतवाली देहात स्थित कमोलिया सिटकहना जोत निवासी ननके शेख उर्फ ननकू शेख पुत्र पुत्तन शेख को गिरफ्तार किया था। जिसके कब्जे से पुलिस ने एक किलो 200 ग्राम चरस बरामद किया था। बरामद चरस को जब्त कर पुलिस की ओर से केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया था। साथ ही पुलिस की ओर से आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई न्यायालय में चल रही थी। मानिटरिंग सेल, विशेष लोक अभियोजक, संयुक्त निदेशक अभियोजन, शासकीय अधिवक्ता व कोर्ट पैरोकार की प्रभावी पैरवी के चलते गुरुवार को सुनवाई पूरी हुई और न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया। इस पर न्यायालय की ओर से दोषी ननके शेख उर्फ ननकू शेख को 14 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई।

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**जरवल रोड, बहराइच :** जरवल रोड ओवरब्रिज पर एक तेज रफ्तार व अनियंत्रित अर्टिगा कार ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज बाराबंकी के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंचन लता मिश्रा पत्नी शिव प्रताप मिश्रा, निवासी मोहल्ला काजीपुर, कस्बा फतेहपुर, जनपद बाराबंकी की ओर से थाना जरवल रोड में दी गई तहरीर में बताया गया है कि उनके पति 7 फरवरी 2026 की सुबह लगभग 9 :30 बजे किसी आवश्यक कार्य से फतेहपुर से जरवल कस्बा रोड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जरवल रोड ओवरब्रिज पर चढ़ते समय तेज रफ्तार अर्टिगा कार चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल संख्या में जोरदार टक्कर मार दी।

# 9.12 लाख करोड़ के बजट का किया गया स्वागत

## पंचायती राज विभाग के लिए 32,090 करोड़ रुपये का प्रावधान ऐतिहासिक कदम

**बजट पर प्रतिक्रिया**

जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार:** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत 9.12 लाख करोड़ के बजट को लेकर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों में उत्साह देखा जा रहा है। विशेष रूप से पंचायती राज विभाग के लिए 32,090 करोड़ के प्रावधान को ग्राम पंचायतों को सशक्त, आत्मनिर्भर और विकासोन्मुख बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया गया है। विभिन्न ग्राम प्रधानों एवं प्रतिनिधियों ने इसे गाँव, गरीब और युवाओं के समग्र विकास को समर्पित बजट करार दिया है।

**ग्राम प्रधानों की प्रतिक्रियाएं:**



अजमत अली (प्रधान प्रतिनिधि), ग्राम पंचायत जतौरा ने कहा कि यह बजट ग्राम पंचायतों को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा, जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी और योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव होगा।

प्रीति शुक्ला, ग्राम पंचायत अधिकारी, जरवल ने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी एवं सुदृढ़ पंचायत भवन की स्थापना से शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक कार्य प्रणाली को नई दिशा मिलेगी। उमेश प्रताप गुप्ता, ग्राम पंचायत तपेसिपाह ने कहा कि ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम की व्यवस्था से युवाओं को खेल और स्वास्थ्य के बेहतर अवसर मिलेंगे। इरफान खान, ग्राम पंचायत कसमड़ा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत किए गए प्रावधान से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी। मनोज राव, ग्राम पंचायत बम्भौरा ने बजट को स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने वाला बताया। सुनील यादव, ग्राम पंचायत अलीनगर ने कहा कि बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से हर गाँव में विकास की नई गति आएगी। ग्राम प्रधानों ने उम्मीद जताई कि बजट में घोषित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति होगी।

## मवेशी से टकराई बाइक महिला की गयी जान

**सिरसिया, श्रावस्ती:** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े मवेशी से टकरा गई। जिसमें बाइक पर पीछे बैठी एक बुजुर्ग महिला गंभीररूप से घायल हो गई। महिला को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सिरसिया थाना क्षेत्र निवासी सुनीता देवी (60) पत्नी विनोद कुमार गुरुवार सुबह बेटे आलोक कुमार (18) के साथ बाइक से सीएचसी सिरसिया जा रही थी। बाइक पर उसका छोटा पुत्र अजीत भी बैठा था और बाइक आलोक चला रहा था। जैसे ही वह क्षेत्र के जनकपुर गांव के पास पहुंचा तभी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर खड़े मवेशी से टकरा गई। इससे पीछे बैठी सुनीता बाइक से सिर के बल सड़क पर गिर गई और गंभीररूप से घायल हो गई। महिला को आनन-फानन में सीएचसी सिरसिया में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया।

